52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 07.0 °c | अधिकतम 22.7 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:02 सूर्यास्त-5:20 | वर्ष : 52/ अंक : 340 | सोमवार, 09 दिसम्बर 2024 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, अष्टमी, नवमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

परम शत्रु से भी ज्यादा घातक है, गलत दिशा में भटकता हुआ आपका मन है।

सपा अब सत्ता में नहीं आने वाली सपा को नोटिस करना बेकार है : स्वतंत्रदेव सिंह

कौन जाने किस घड़ी वक़्त का बदले मिजाज.....

# बांग्लादेश में हिंदुओं के दमन के खिलाफ हुंकार

▶ टाउन हाल में सभा के बाद नारेबाजी करते हुए निकाला शहर में जुलूस ▶ मांग: भारत करे सैन्य कार्रवाई और बांग्ला पीएम से नोबेल पुरस्कार वापस लें ▶ बांग्लादेशियों व रोहिंग्याओं को वापस भेजने और हिंदुओं को भारत लाने की मांग

**मुजफ्फरनगर, 8 दिसंबर (बु.)।** बांग्लादेश में हिंदुओं के दमन और अत्याचार पर आज तमाम हिंदू संगठनों का रोष उबल पड़ा। हजारों की तादाद में हिंदू समाज के लोग टाउन हाल में एकत्र हुए और इन घटनाओं को लेकर लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। मुख्य वक्ता यशवीर महाराज और स्वामी दीपांकर शास्त्री ने सरकार से बांग्लादेश के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करने और वहां से हिंदुओं को वापस लाने तथा भारत से बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को खदेड़कर बांग्लादेश भेजने की मांग की। टाउन हाल मैदान पर सभा के बाद विशाल जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए हजारों की तादाद में लोग कलक्ट्रेट पहुंचे और वहां ज्ञापन दिया।

श्री सनातन धर्म रक्षा मंच के आह्वान पर टाउन हाल में आयोजित विरोध सभा में दीपांकर स्वामी ने कहा कि भारत से लेकर फिलीस्तीन तक एक व्यक्ति सबको एक करने का काम कर रहा है। हिंदू की बात आती है, तो उसे जातियों में बांटकर कमजोर किया जाता है। उनका कहना था कि कटने का मतलब चाकू या तलवार से काटना नहीं अपने अस्तित्व, सभ्यता, संस्कृति से दूर होना और सामाजिक बिखराव भी कटने जैसा ही है। स्वामी दीपांकर ने मुजफ्फरनगर वासियों को बांग्लादेश के हिंदुओं को यह अहसास दिलाएं कि लक्ष्मीनगर का हिंदू आपके साथ चट्टान की तरह खड़ा है। जो जहां खड़ा है, उसका हाथ भी वहां खड़ा है, इसीलिए हिंदुस्तान में हिंदू सबसे बड़ा है। उन्होंने सभा में उपस्थित सभी लोगों से कुछ क्षण खड़े होने का आह्वान करते हुए कहा कि आज नहीं खड़े हुए तो कभी नहीं खड़े हो पाओगे। यहां सुनामी की तरह बनना होगा वर्ना बंटोगे तो गली मुहल्लों तक कटोगे। उन्होंने मांग की कि बांग्लादेश से हिंदुओं को सुरक्षित यहां और यहां से बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को यहां से बांग्लादेश भेजा जाना चाहिए। बघरा यशवीराश्रम के यशवीर महाराज ने कहा कि ये वही बांग्लादेश है जहां पाकिस्तान के दमन के खिलाफ भारतीय सैनिकों ने बलिदान देकर उस देश के अस्तित्व को बचाया था। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के लोगों को बलिदान देते हुए चौदह सौ साल हो गए। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के प्रधानमंत्री को शांति का नोबल पुरस्कार दिया गया। वही हिंदुओं का कत्लेआम करा रहा है। अमेरिका को उससे नोबेल पुरस्कार वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश हमने बनवाया है। इसके टुकड़े होने चाहिएं और वहां हिंदुओं को अलग देश मिलना चाहिए। उन्हें यहां लाने से समस्या का हल नहीं होगा। उन्होंने जातिपांति को तोड़कर हिंदू समाज को एकजुट करने का आह्वान करते हुए कहा कि बंटे रहे तो सनातन समाज नष्ट हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कहा कि जब अस्तित्व और आन का सवाल आए तो शिव का त्रिशूल और भगवान राम का धनुष उठाना ही होगा। उन्होंने कहा कि आज जो सनातन धर्म के खिलाफ बोल रहे हैं उन्हें यह भी बताना होगा कि उनके पूर्वज भी सनातनी थे। अब घर वापसी ही एक रास्ता है। हमारे छोटे से आश्रम में बारह सौ लोगों को वापस कराया। उन्होंने कहा कि आधे से अधिक मुसलमान घर वापसी के लिए तैयार बैठे हैं। इसके लिए प्रयास किए जाने और उन्हें उनके अतीत के बारे में बताने की जरूरत है।

## अंतर्राष्ट्रीय समुदाय और भारत बनाए दबाव : ज्ञापन में मांग

**मुजफ्फरनगर, 8 दिसंबर (बु.)।** बांग्लादेश की घटनाओं पर आक्रोश जताते हुए वहां चल रही हिंदू विरोधी गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने और भारत सरकार और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से उस पर दबाव बनाने की मांग की गई। टाउन हॉल के मैदान में आयोजित विशाल विरोध सभा के बाद जन-समूह नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों पर सुनियोजित हमले, मूर्तियों की तोड़फोड़ और आगजनी की गई। हिंदुओं के घरों पर हमले कर उनकी संपत्ति लूटी गई। डेढ सौ हिंदू शिक्षकों को त्यागपत्र देना पड़ा। वहां हिंदुओं पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया जा रहा है। वहां हिंदुओं को सरकारी संरक्षण भी नहीं मिल रहा है। ज्ञापन में बांग्लादेश में मंदिरों पर हमले, हिंदुओं के घरों में तोड़फोड़, हिंसा और हत्याओं पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने, सरकारी संरक्षण के अभाव का आरोप, बांग्लादेश सरकार से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और भारत सरकार से बांग्लादेश सरकार पर दबाव डालने की अपील की गई। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकारों की स्थिति में सुधार लाने संबंधी कई मांगे भी रखी गई।

## जाति के नाम पर बांटने और भाईचारे के नाम पर काटने का षड्यंत्र : स्वामी दीपांकर

**मुजफ्फरनगर, 8 दिसंबर (बु.)।** जाति तोड़ो अभियान चला रहे स्वामी दीपांकर ने कहा कि भारत देश और सनातन को जाति के नाम पर बांटने और भाईचारे के नाम पर काटने का षड्यंत्र चल रहा है। उन्होंने सवाल किया कि बांग्लादेश में हिंदुओं के दमन पर कौन से भाईचारे वाले ने आवाज उठाई? पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्वामी दीपांकर ने जातिवाद और कथित भाईचारे की बात करने वालों पर सवाल उठाते हुए पूछा कि बांग्लादेश में कौन नाम पूछ रहा है या हरियाणा के नूंह में पहाड़ से पत्थर फेंकने वालों ने कब नाम पूछा? कश्मीर में नरसंहार हुआ तो किसने जाति पूछी? उन्होंने कहा कि आप खुद तय करें कि भाई कौन है और चारा कौन है? उन्होंने कहा कि सर तन से जुदा होने के नारे पर लाखों लोग इकट्ठा होते हैं और बांग्लादेश में लाखों हिंदुओं को काट दिया गया, कोई एक है जो आवाज उठाए? उनके लिए कौन आवाज उठाएगा? उन्होंने यह भी कहा कि गंगा हमारी, यमुना हमारी तो यह तहजीब किसकी? कौन लेकर आया तहजीब? उन्होंने कहा कि बहुत भयानक होता है भाई के सामने बहन के साथ बलात्कार। बहुत भयानक होता है पति के सामने बीवी का बलात्कार। हम यहां पर सेफ महसूस कर रहे हैं तो जरा सोचिएगा कि क्या हम भविष्य में सेफ होंगे? यह सोचने की जरूरत है। पाकिस्तान की सेना के बांग्लादेश पहुंचने की खबर पर उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वहां पर और भी ज्यादा क्रूरता होगी।

### किसान नेताओं को रिहा करने की मांग को लेकर 20 और गए जेल

**ग्रेटर नोएडा, 8 दिसंबर (एजेंसी)।** किसान आंदोलन के तहत दिल्ली कूच करने के लिए परी चौक पर पहुंचे करीब 20 महिला और किसानों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रदर्शनकारी जेल गए किसान नेताओं को रिहा कराने की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा आंदोलन जारी रहेगा। जेल गए किसान नेताओं को रिहा करने, 10 फीसदी भूखंड देने, नए जमीन अधिग्रहण कानून को लागू करने समेत मांगों को लेकर रविवार को पांचवें दिन भी महिला और किसानों का गिरफ्तारी देने का सिलसिला जारी रहा। किसानों की दिल्ली कूच करने और गिरफ्तारी देने के कार्यक्रम को लेकर सवेरे से ही परी चौक, यमुना एक्सप्रेस वे पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया हुआ था। ग्रेटर नोएडा के परी चौक आने वाले सभी रास्तों पर वाहनों की गहनता से जांच की जा रही थी। मैट्रो स्टेशनों पर भी पुलिस बल तैनात किया गया था।

### नील गाय सामने आने से हादसा, पिता और बेटे की हुई मौत

**हापुड़, 8 दिसंबर (एजेंसी)।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में कुचेसर बीबी नगर रोड पर शनिवार देर रात अचानक नील गाय सामने आने पर दो बाइक और कैंटर आपस में टकरा गए। हादसे में पिता और पुत्र की मौत हो गई। जबकि महिला समेत तीन अन्य घायल हो गए। हादसे में नील गाय की भी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शनिवार की रात करीब 11 बजे बनखंडा पेट्रोल पंप के पास दो बाइक और कैंटर नील गाय से टकरा गए। हादसे में बाइकों पर सवार महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचा और घायलों को सिखेड़ा सीएचसी भेज दिया। उपचार के दौरान ग्राम बाहपुर जनपद बुलंदशहर निवासी पिता राजू (50) और नैतिक (18) की मौत हो गई। जबकि राजू की पुत्री मानसी की हालत गंभीर बनी हुई है। जबकि दो अन्य घायल रुपक और एक अज्ञात को हल्की चोट आई है। सीओ जितेंद्र कुमार शर्मा का कहना है कि नीलगाय के कारण हादसा हुआ। आनन फानन में घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पिता पुत्र की मौत हो गई।

### 'बिजली के निजीकरण से 50 हजार संविदा कर्मियों की जायेगी नौकरी

**लखनऊ, 8 दिसंबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ ने आरोप लगाया है कि पूर्वांचल और दक्षिणांचल डिस्काम के निजीकरण से लगभग 50 हजार बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों की नौकरी चली जाएगी। वहीं दूसरी ओर मध्यांचल और पश्चिमांचल निगम में बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों कि छंटनी की शुरूआत हो चुकी है। इससे ऐसे परिवारों के सामने परिवार के भरण-पोषण करने का संकट पैदा हो गया है। संघ के महामंत्री देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि इसके विरोध में रविवार को कृष्णानगर में एक सभा करके प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन की रणनीति पर चर्चा हुई।

**राणा स्टील फैक्ट्री जीएसटी छापा प्रकरण**

## और कसा शिकंजा-सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया

**मुजफ्फरनगर, 08 दिसम्बर (बु.)।** गुरूवार को वहलना चौक स्थित राणा स्टील फैक्ट्री में जीएसटी अधिकारियों की गाड़ी पर पथराव व महिला अधिकारी के साथ अभद्रता के मामले में पूर्व सांसद कादिर राणा के अन्य कर्मचारियों पर भी अब पुलिस का शिकंजा और कसता जा रहा है।

पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज निकालकर उनमें हमलाकर रहे कर्मचारियों को वीडियो फुटेज के आधार पर सूजडू से हिरासत में लिया है। अन्य कुछ लोगों को भी चिन्हित किया गया है। रविवार को दोपहर बाद थाना सिविल लाइन पुलिस खालापार कोतवाली की टीम को साथ लेकर गांव सूजडू के पास पहुंची और वहां से तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया। उक्त तीनों से पुलिस पूछताछ में जुट गई है। वहीं फुटेज के आधार पर यह भी मिलान कराया जा रहा है कि उक्त तीनों वो ही हैं, जो घटना के दिन वीडियो में आ रहे हैं अथवा उनसे अलग हैं। पूछताछ के बाद पुलिस इस मामले में अगामी कार्यवाही करेगी। पुलिस का बताना है कि इस प्रकरण में अभी कुछ अन्य लोग भी अपने घरों से गायब हैं। पुलिस उनकी भी तलाश कर रही है।

### शायद ....न मिले शाहनवाज राणा को जमानत, पुलिस अभियोजन के साथ मिलकर करेगी जमानत का विरोध

**मुजफ्फरनगर।** जेल में बैठे पूर्व विधायक शाहनवाज राणा व सद्दाम राणा की जमानत अर्जी पर सोमवार (आज) कोर्ट में सुनवाई होनी है। पुलिस अभियोजन के साथ मिलकर जमानत का विरोध करेगी। इसके लिए पुलिस ने लिखा पढ़ी कर केस डायरी तैयार कर ली है। इसी के साथ-साथ सोमवार को जीएसटी की महिला अधिकारी के बयानों का अवलोकन भी गहनता से किया जाना है। आपको बता दें कि दो दिन पूर्व छह दिसम्बर को पूर्व विधायक शाहनवाज राणा और सद्दाम राणा की जमानत अर्जी पर सुनवाई न करते हुए पुलिस को केस डायरी प्रस्तुत करने के आदेश कोर्ट ने दिए थे। साथ ही मामले की सुनवाई के लिए नौ दिसम्बर की तिथि मुकर्रर कर दी थी। उक्त मामले में जीएसटी महिला अधिकारी श्रेया गुप्ता के बयान भी कोर्ट में दर्ज कराये गये थे। थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि महिला अधिकारी के बयानों के साथ-साथ पूर्व विधायक शाहनवाज राणा के आपराधिक रिकॉर्ड को भी संकलित कर लिया गया है और सोमवार को पुलिस अभियोजन के साथ मजबूती से अपना पक्ष रखते हुए शाहनवाज राणा की जमानत का पुरजोर विरोध करेगी।

## बजरंग दल की शौर्य यात्रा के दौरान बकरा मार्किट पर पथराव

**मुजफ्फरनगर, 08 दिसम्बर (बु.)।** रविवार को बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार व अन्य मुद्दों को लेकर बजरंग दल द्वारा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान लगभग ढाई बजे जब उक्त यात्रा बकरा मार्किट से होकर गुजर रही थी और यात्रा के अंतिम छोर पर जब कुछ कार्यकर्ता कम दिखाई पड़े तो बकरा मार्किट स्थित मस्जिद के पास से उन पर पथराव किया गया। बजरंग दल के कार्यकर्ता जैसे ही पथराव करने वालों की तरफ बढ़ने लगे तो पथराव करने वाले एकाएक गायब हो गये। यात्रा सम्पन्न होने के बाद बजरंग दल के कार्यकर्ता व वरिष्ठ पदाधिकारी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नाम एक प्रार्थना पत्र देकर मामले की पूरी जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह को दी। उक्त प्रार्थना पत्र पुरकाजी निवासी विपूष राणा पुत्र राजनवीर राणा की ओर से दिया गया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से ग्रामीण की मौत

### परिजनों में मचा कोहराम, एक ग्रामीण घायल

**बुढ़ाना, 08 दिसम्बर (बु.)।** एक अज्ञात वाहन ने सूखे भूसे से भरे हुए एक ट्रेक्टर में जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें ट्रेक्टर चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा है। उधर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस के लिए भेजकर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना सर्किल के गांव रियावली नंगला निवासी 41 वर्षीय साहिर उर्फ शाकिर पुत्र जाहिद गांव के नफीस पुत्र सत्तार के साथ ट्रेक्टर ट्राली में बुढ़ाना क्षेत्र से भैंसों का सूखा भूसा लेकर अपने घर जा रहा था। जब वह रविवार की प्रात साढ़े 04 बजे बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीपुर अटेरना में मिनी पेट्रोल पम्प के पास आया तो पीछे से तेज गति से आ रहे एक अज्ञात वाहन के चालक ने ट्रेक्टर ट्राली में टक्कर मार दी और फरार हो गया, जिसमें ट्रेक्टर पलटने से साहिर उर्फ शाकिर की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि नफीस घायल हो गया। गश्त कर रहे उमरपुर चौकी प्रभारी सुरेंद्र राव ने जब घटनास्थल का नजारा देखा तो उन्होंने आनन फानन में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना पहुंचाया। जहां पर साहिर को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया और घायल नफीस को जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया। इस घटना की सूचना पुलिस ने मृतक के परिजनों को दी परिजन रोते बिलखते सीएचसी पर आए, जहां पर बुढ़ाना पुलिस ने परिजनों को सांत्वना देते हुए साहिर उर्फ शाकिर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात चालक की तलाश शुरू कर दी।

# जब रैन बसेरों का हाल देखने निकली ईओ, मिली अव्यवस्थाएं

▶ आरआई से मांगा स्पष्टीकरण, गायब कर्मियों का रोका वेतन ▶ स्थाई रैन बसेरे में मिली गंदगी, पंखे से बैड तक मिली धूल ▶ रात्रि में अलाव न जलने पर प्रभारी के प्रति जताई नाराजगी

**मुजफ्फरनगर, 08 दिसम्बर (बु.)।** सर्द हवाओं के बीच रात्रि में गरीबों और बेसहारा लोगों को खुले आसमान के नीचे सोने से बचाने की खातिर नगर पालिका प्रशासन द्वारा शुरू रैन बसेरों में हालात और व्यवस्था का जायजा लेने बीती रात्रि पालिका ईओ ने औचक निरीक्षण किया। इस बीच उन्हें न तो रैन बसेरे में सफाई मिली और न सड़कों पर अलाव जलता पाया गया। वहीं जिम्मेदारी पर लगाए कर्मी भी गुम थे। ड्यूटी से गायब मिले राजस्व निरीक्षक से स्पष्टीकरण तलब किया गया। वहीं ड्यूटी से बिना बताये गायब मिले 4 पालिका कर्मियों के वेतन आहरण पर रोक लगाते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। गंदगी मिलने पर रैन बसेरा चला रहे एनजीओ प्रबंधक को चेतावनी देते हुए दो दिनों में सफाई दुरूस्त करने के निर्देश दिये।

जिले में बढ़ती शीत लहर के बीच डीएम के निर्देशों पर ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह बीती शनिवार की देर रात्रि रैन बसरों के निरीक्षण पर निकली। उन्होंने रेलवे स्टेशन के रैन बसेरे पर पहुंचकर सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को परखा तो वहां गंदगी का आलम मिला। कमरों में सफाई का अभाव था, बिस्तर फटे व गंदे मिले। उन्होंने इसे लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुबंध के तहत रैन बसेरे का संचालन कर रहे एनजीओ आदर्श सेवा समिति के प्रबंधक योगेन्द्र शर्मा व कर्मी को चेतावनी देते हुए सुधार पर जोर दिया। वहीं यहां शुरू मरम्मत कार्य को जल्द निपटाने के लिए जेई निर्माण कपिल कुमार को कहा। निरीक्षण के बाद जब वो बाहर निकली तो सड़क पर कहीं अलाव जलते हुए नहीं मिले, जबकि सर्द हवा से लोग ठिठुर रहे थे। ईओ ने तत्काल ही अलाव प्रभारी तनवीर आलम को मौके पर बुलाया और इसके लिए नाराजगी व्यक्त करते हुए अलाव व्यवस्था शुरू करने के निर्देश दिये। जिसके बाद रेलवे स्टेशन, रैन बसेरों के बाहर और रोडवेज बस स्टैण्ड आदि स्थानों पर अलाव जलवाए गए। ईओ ने प्रति दिन यह व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही यहां पर ड्यूटी पर लगाए चार कर्मचारी बीसी शोभित कुमार, अनुचर विनोद कुमार, अरूण कुमार व बेलदार महबूब का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश देते हुए 2 दिन में स्पष्टीकरण मांगा गया है। इस दौरान जेई निर्माण कपिल कुमार, राजस्व निरीक्षण विजय कुमार, लिपिक तनवीर आलम व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया

शनिवार देर रात्रि निरीक्षण में स्थाई रैन बसेरे में कई खामियां मिली। वहां पर सफाई का अभाव और कमरों में गंदगी मिली। बिस्तर गंदे और फटे हुए, बैड में दीमक लगी थी। उनके अंदर बिस्तर और कम्बल भरे मिले, लेकिन बाहर फटे हुए रखे थे। पंखों पर धूल जमा थी। खिड़की के टूटे शीशे हुए थे, जिनके कारण अंदर हवा आ रही थी। एनजीओ प्रबंधक को 2 दिन में सफाई व्यवस्था कराने के निर्देश देते हुए चेतावनी दी गई कि दोबारा कमी मिली तो कार्यवाही की जायेगी। ईओ ने बताया कि खिड़की के शीशे, मरम्मत कार्य और व्हाइट वॉश निपटाने के निर्देश जेई निर्माण कपिल कुमार को दिए हैं। उन्होंने बताया कि राजस्व निरीक्षक की ड्यूटी क्षेत्र में सड़क पर सोते लोगों को रात्रि भ्रमण करते हुए रैन बसेरों तक पहुंचने में लगाई गई थी, लेकिन उन्होंने दायित्व नहीं निभाया।

## सर्दी के बीच 8 क्षेत्रों में किया शहर विभाजित, बनाई व्यवस्था

**मुजफ्फरनगर, 08 दिसम्बर (बु.)।** सरकार की पहल के बीच प्रभावी शीतलहर व कड़ाके की ठंड के दृष्टिगत डीएम के निर्देश पर पालिका प्रशासन संवेदनशील दिखाई दिया। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के मार्गदर्शन में ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने शहरी क्षेत्र को आठ निर्धारित मार्गों में विभाजित करते हुए प्रत्येक मार्ग के लिए पालिका अफसरों की पर्यवेक्षक के रूप में ड्यूटी लगाते हुए कर निर्धारण अधिकारी को नोडल अफसर नामित किया है। डीएम उमेश मिश्रा के औचक निरीक्षण के बाद पालिका में रैन बसेरों में व्यवस्था बनाने के साथ सड़कों पर सोते लोगों को आश्रय उपलब्ध कराने के लिए कवायद शुरू हो गई है। बीती रात ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्था को परखा। इस बीच ड्यूटी लगाने के बाद भी लोगों को सड़कों पर सोता देख कर वो नाराज हुई। उन्होंने बताया कि सर्दी में बेसहारा लोगों को आश्रय उपलब्ध कराने के लिए पालिका स्तर पर टीम को लगा दिया है। कर निर्धारण अधिकारी दिनेश कुमार को अभियान का नोडल बनाया है। जबकि शहर को आठ निर्धारित मार्गों में बांटते हुए प्रत्येक मार्ग के लिए पर्यवेक्षक नामित किया है। इसमें एई निर्माण अखंड प्रताप सिंह सूजडू चुंगी से सरकूलर रोड, महावीर चौक प्रकाश चौक से रोडवेज बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मालवीय चौक, अंसारी रोड से नावल्टी चौक तक का पर्यवेक्षक बनाया है। वहीं एई जल सुनील कुमार, एनएसए डॉ. अतुल कुमार, जेई निर्माण कपिल कुमार, जेई जल धर्मवीर सिंह, जेई जल जितेन्द्र कुमार, चीफ सेनेट्री इंस्पेक्टर योगेश गोलियान और सेनेट्री इंस्पेक्टर प्लाक्षा मैनवाल को निर्धारित मार्ग पर लगाया है। ईओ ने बताया कि ये आठों पर्यवेक्षक प्रतिदिन रात्रि में भ्रमण करते हुए सुनिश्चित करेंगे कि उनके मार्ग पर कोई बेसहारा या गरीब व्यक्ति खुले में तो नहीं सो रहा है, यदि ऐसा मिलता है तो वो ऐसे व्यक्तियों को उठाकर आश्रय स्थलों तक पहुंचाने का काम करेंगे। इसके लिए वो प्रतिदिन अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। नोडल कर निर्धारण अधिकारी दिनेश कुमार यह तय करेंगे कि कोई भी कर्मचारी या अधिकारी ड्यूटी से गायब न रहें। वो प्रतिदिन की रिपोर्ट शासन की साइट पर फीड करने के साथ ही उनको भी प्रस्तुत करेंगे।

## जिलाधिकारी के आदेशों का हुआ असर, खुद एसडीएम निकिता व ईओ प्रज्ञा ने गरीबों को पहुंचाया रैन बसेरा

**मुजफ्फरनगर, 08 दिसम्बर (बु.)।** आला अधिकारी यदि खुद चुस्त फुर्त और पवित्र मंशा से कार्य करते हैं तो अधिनस्थों को भी एक्टिव मोड में रहना पड़ता है। तीन दिन पूर्व रात्रि 12 बजे के बाद जिलाधिकारी उमेश मिश्रा खुद रैन बसेरों का निरीक्षण करने के लिए रेलवे स्टेशन व जिला चिकित्सालय पहुंच गये थे, जहां व्यवस्थाएं चरमराई हुई देखने के बाद उन्होंने कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई थी और नगरपालिका ईओ को स्पष्टीकरण के लिए तलब किया था। इसी क्रम में रविवार को छुट्टी वाले दिन भी एसडीएम निकिता शर्मा व शनिवार की रात में ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह सड़कों पर उतरी और सड़कों पर सो रहे गरीबों का बोरिया-बिस्तर उठवाकर उन्हें रैन बसेरा पहुंचाने का काम किया। रैन बसेरा पहुंचाने के लिए ईओ व एसडीएम दोनों को खास मशक्कत का सामना करना पड़ा, क्योंकि जिन्हें सड़कों पर रहने की आदत हो गई है, उन्हें रैन बसेरों में घुटन होने लगी है। एसडीएम निकिता शर्मा व ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने जैसे-तैसे कई गरीबों को सड़कों से रैन बसेरों में पहुंचाने का काम किया। ये लोग रैन बसेरों में रहते हैं या नहीं यह विषय बाद का है, फिलहाल जिलाधिकारी के आदेशों का सख्ती से पालन किया जा रहा है।

## सड़कों पर सोए लोगों को हाथ जोड़कर भेजा रैन बसेरे में

**मुजफ्फरनगर, 08 दिसम्बर (बु.)।** सर्दी में बेसहारा लोगों को रात गुजारने के लिए आश्रय देने के लिए पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह टीम के साथ सड़कों पर उतर गई हैं। इस दौरान शहर के कई स्थानों पर खुले में सड़क पर सोते मिले लोगों को उठाकर रैन बसेरों तक भिजवाने का काम किया गया। इसके लिए ईओ ने लोगों को हाथ जोड़कर मनाया। एक महिला ने पालिका टीम की परीक्षा ली। वो खुद को जानसठ क्षेत्र की बता रही थी। बेसहारा होने की बात सामने आने पर ईओ खुद महिला के पास पहुंची और उसे रैन बसेरे में व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए वहां चलने के लिए आग्रह किया, पर महिला ने जाने से इंकार कर दिया। पालिका कर्मचारियों ने भी उसे खूब समझाया, लेकिन वो अपने सड़क पर लगाए बिस्तर में दुबक गई और गरीबी का हवाला देते हुए कम्बल मांगती रही। हाथ जोड़ने पर भी महिला नहीं मानी तो ईओ के कहने पर कर्मचारियों ने महिला को बिस्तर सहित उठा कर रैन बसेरे तक पहुंचाया और वहां ठहरने की व्यवस्था की। ईओ का कहना है कि लोग सड़क से रैन बसेरे में नहीं जाना चाहते और लड़ते हैं, ऐसे में पुलिस फोर्स का साथ होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि चार पांच लोगों को रात्रि में सड़क से उठाकर रैन बसेरों में पहुंचाने का काम किया गया।

## आज का इतिहास

नई दिल्ली, 08 दिसंबर (वार्ता)। भारता और विश्व के इतिहास में 09 दिसंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1625-हालैंड और इंग्लैंड के बीच सैन्य संधि पर हस्ताक्षर। 1762-ब्रिटिश संसद ने पेरिस संधि को स्वीकार किया। 1873-हिज एक्सेलेंसी जार्ज बैरिंग वायसराय तथा भारत के गवर्नर जनरल ने 'म्योर कॉलेज' की आधारशिला रखी। 1898-बेलूर मठ की स्थापना। 1910-फ्रांसीसी सेनाओं ने मोरक्को के बंदरगाह शहर अगादीर पर कब्जा किया। 1917-जनरल अलेनबाय के नेतृत्व में ब्रिटिश सेना ने यरुशलम पर कब्जा किया। 1924-हालैंड और हंगरी के बीच व्यापार संधि पर हस्ताक्षर। 1931-जापानी सेना ने चीन के जेहोल प्रांत पर हमला किया। 1941-चीन ने जापान, जर्मनी और इटली के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1946-सोनिया गांधी का इटली में जन्म। 1947-फ्रांसीसी मजदूर संघ ने हड़ताल समाप्त कर सरकार से बात शुरू की। 1992-प्रिंस चार्ल्स और प्रिंसेस डायना ने अलग होने की औपचारिक रूप से घोषणा की। 1998-रूस द्वारा आर्कटिक सागर में अपक्रांतिक परमाणु परीक्षण किया गया, 1998-आस्ट्रेलियाई क्रिकेट खिलाड़ियों शेन वार्न और मार्क वॉ ने एक भारतीय सट्टेबाज से 1994 में पाकिस्तान दौदे पर रिश्वत लेने की बात स्वीकारी। 2000-दक्षिण कोरिया का दर्जा विकासशील देश से बढ़कर विकसित देश किया गया। 2001-यूनाइटेड नेशनल पार्टी के नेता रानिल विक्रमसिंघे ने श्रीलंका के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। 2001-तालिबान में नार्दन एलायंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त, 21 मरे। 2002-जॉन स्नो अमेरिका के नये वित्तमंत्री बने। 2003-रूस में मास्को के मध्य भाग में विस्फोट से छह लोगों की मौत और कई घायल। 2006-पाकिस्तान ने परमाणु क्षमता युक्त मध्यम दूरी के प्रक्षेपास्त्र 'हत्फ-3 गजनवी' का परीक्षण किया। 2007-पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो ने पाकिस्तानी सरकार के साथ अपने सभी सम्बन्ध समाप्त करने की घोषणा की। 2008-इसरो ने यूरोप के प्रसिद्ध उपग्रह प्रणाली विशेषज्ञ ईएडीएम एस्ट्रीयस के लिए सेटेलाइट का निर्माण किया। 2012-मेक्सिको में विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से सात लोगों की मौत। 2013-इंडोनेशिया में बिनटारो के समीप ट्रेन हादसे में सात की मौत और 63 घायल। 2018-अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राज्य में नए जिले शी योमी का उद्घाटन किया। यह जिला राज्य के पश्चिमी शियांग जिले को विभाजित कर बनाया गया है।

## आपका आज का राशिफल

**सोमवार, 09 दिसम्बर, 2024**

**मेष-** आज दिन 9/15 बजे तक प्रगति का सुयोग, भौतिक साधन सुलभ, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, शेष समय कार्यों में अड़चनें, शत्रु सक्रिय, संबंधों में कटुता।

**वृषभ-** अभीष्ट सिद्धि का प्रयास, धर्म में आस्था, कठिनाइयों का निवारण, जनकल्याण की भावना जागृत, व्यक्तिगत कार्य क्षमता में वृद्धि, धार्मिक यात्रा प्रसंग।

**मिथुन-** आर्थिक प्रगति, शारीरिक सुख की प्राप्ति, आत्मिक शांति, नवसमाचार से खुशी, आपसी सलाह में कामयाबी, परोपकार की भावना जागृत, राजकीय पक्ष से लाभ।

**कर्क-** आज दिन 9/15 बजे तक प्रतिकूलता, आपसी संबंधों में मनमुटाव, स्वयं की प्रतिभा कुंठित, भाषा असफल, शेष समय में लाभ का सुअवसर, लक्ष्य की प्राप्ति।

**सिंह-** आज दिन 9/15 बजे तक सफलता का सुयोग, भौतिक सुख में वृद्धि, धर्म में आस्था, शेष समय विपरीत, लाभ का मार्ग अवरुद्ध, व्यक्तिगत समस्याएँ, शारीरिक कष्ट।

**कन्या-** अभीष्ट कार्यों में संतोषजनक सफलता, बुद्धि-विवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, पूँजी का प्रतिफल, यात्रा संतोषजनक।

**तुला-** विचाराधीन योजना का कार्यरूप में परिणत, सहयोगियों की गतिविधियों से आत्मिक शांति, सम्मान का लाभ, सुख-सुविधा के साधन उपलब्ध, संत-समागम।

**वृश्चिक-** आज दिन 9/15 बजे तक समय अशुभ, अध्ययन में व्यतिक्रम, साझेदारी के व्यापार में वृद्धि सम्भव, शेष समय अनुकल, मनोरंजन में रुचि, दाम्पत्य प्रगाढ़ता।

**धनु-** आज दिन 9/15 बजे तक व्यापारिक क्षेत्र में प्रगति, सामाजिक प्रतिष्ठा, संत समागम, शेष समय में योजना की पूर्ति में बाधा, दूसरों की सलाह अमान्य, परेशान।

**मकर-** प्रगति हेतु नवप्रयास, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, सुख के जरूरी साधन सुलभ, धन संचय की ओर रुझान, शत्रु परास्त, कर्ज की अदायगी, आत्मिक प्रसन्नता।

**कुम्भ-** दिनचर्या व्यवस्थित, मित्रों-परिजनों से सहयोग, कुछेक मसला हल, धार्मिक क्रियाकलापों में अभिरुचि, मंगल आयोजन सम्पन्न, यात्रा का प्रसंग उपस्थित।

**मीन-** आज दिन 9/15 बजे तक ग्रहस्थिति भाग्य के विपरीत, आय में कमी, सुख-सुविधा का अभाव, शेष समय बेहतर, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मौज-मस्ती व्यय।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत्र स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

**सम्पादक-अंकुर दुआ**

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# विहिप-बजरंग दल ने शहर में निकाली शौर्य यात्रा, किया शक्ति प्रदर्शन

▶ एसडी इंटर कॉलेज में संपन्न किया गया भव्य कार्यक्रम ▶ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ प्रारंभ किया कार्यक्रम

**मुजफ्फरनगर, 08 दिसम्बर (बु.)।** विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल ने एसडी इंटर कॉलेज में शौर्य यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता और राम दरबार के सामने वैभव जैन, प्रमोद तिवारी, अनूप, स्वामी रामस्वरूप ब्रह्मचारी, पीयूष राणा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यक्रम आयोजकों द्वारा इस दौरान अतिथियों को पटका पहना कर और राम मंदिर व शस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्यमी वैभव द्वारा की गई।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता विभाग संगठन मंत्री अनूप जी ने बताया कि बजरंग दल भारत की हर समस्या का हल है। बजरंग दल शौर्य यात्राओं के माध्यम से युवाओं में समरसता, और सामर्थ्य का विकास हो और अपने पूर्वजों व संस्कृति के प्रति सम्मान जागृत हो। भारत में नक्सलवाद, इस्लामी जिहाद, ईसाई तुष्टिकरण कर हिंदुओं का धर्मांतरण कर रहे षड्यंत्र को हिंदू युवा जवाब दें और शौर्य दिवस देश में मौहम्मद बिन कासिम को बप्पा रावल द्वारा मारकर भगाया।

उसके बाद 300 वर्ष तक कोई भी मुस्लिम आक्रांत भारत में नहीं आया यही शौर्य दिवस है तब से लेकर अब तक शौर्य दिवस हिन्दू समाज किसी न किसी रूप में मनाते आ रहे हैं। वर्ष 1992 में कलंकित ढांचे को तोड़कर समग्र हिंदू समाज ने एकत्र हो समरसता का भाव जागृत किया यही शौर्य दिवस है। तब से आज तक शौर्य दिवस गीता जयंती के उपलक्ष में मनाते हैं। भगवान श्री कृष्ण द्वारा दिए गीता का संदेश उस समय अर्जुन को दिया। जबकि बजरंग दल आज संपूर्ण भारत के अर्जुन रूपी युवाओं को गीता का संदेश इस देश के लिए लड़ने वाले हिंदू युवा व यदि जरुरत पड़े तो अपना सर्वस्व न्योछावर करने की क्षमता हिंदू युवा में इन शौर्य यात्राओं से की जाती है। रविवार को इस कड़ी में नगर के रोडवेज बस स्टैंड के निकट स्थित एसडी इंटर कॉलेज मैदान से शौर्य यात्रा प्रारंभ होकर प्रकाश चौक से महावीर चौक, झांसी की रानी, शिवचौक से भगत सिंह रोड होते हुए वापस बकरा मार्केट होते हुए रुड़की रोड, झांसी की रानी से कोर्ट रोड मार्ग से एसडी इंटर कॉलेज में पहुंचकर संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमोद तिवारी, ललित माहेश्वरी प्रांत सेवा रक्षा प्रमुख, चंद्रभान प्रांत संस्कृत वेद विद्यालय प्रमुख, वीरेंद्र जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, पीयूष राणा, विभाग संयोजक मोहित बंसल, सतीश कौशिक, डॉ. अजय, मुकेश, अरुण, नीतीश, नितिन तायल, जिला सामाजिक समरसता प्रमुख शुभम, संगठन मंत्री तरुण, रवि चौधरी, मनोज, सतपाल, रविंद्र, सनी, सूर्यवंश कुणाल, कार्तिक, अंश, बीना मित्तल, गुरबीर, हरेंद्र राणा, शिव प्रताप, अमरदीप मित्तल, वरुण चौधरी, कुलदीप, दीपचंद, संजीव, प्रवीण, राकेश, हिमांशु आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मोदी सोमवार को राजस्थान, हरियाणा राज्यों के दौरे पर

**नई दिल्ली, 08 दिसंबर (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को राजस्थान और हरियाणा का दौरा करेंगे।इस दौरान वह जयपुर में राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश सम्मेलन का उद्घाटन और हरियाणा के पानीपत में एक कार्यक्रम में भारतीय जीवन बीमा निगम की बीमा सखी पहल का शुभारंभ करेंगे तथा महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल के मुख्य परिसर की नींव रखेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार श्री मोदी पहले जयपुर जाएंगे और सुबह करीब 10:30 बजे वहां जयपुर प्रदर्शनी और सम्मेलन केन्द्र (जेईसीसी) में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री वहां उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री पानीपत जाएंगे और अपराह्न करीब दो बजे एलआईसी की बीमा सखी योजना का शुभारंभ करेंगे । एलआईसी की यह पहल 18-70 वर्ष की आयु की उन महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बनाई गई है जो दसवीं कक्षा पास हैं।

## प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन अध्यक्ष विनय का निधन

**फर्रुखाबाद, 8 दिसंबर (वार्ता)।** प्रिंट एव इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पत्रकार विनय सिह कुशवाहा का आज रविवार को अचानक ब्रेन हेमरेज होने से निधन हो गया। वह 48 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हिंदी दैनिक अमृत विचार के ब्यूरो चीफ विनय सिह कुशवाहा की कल शनिवार रात में अचानक तबीयत खराब हुई। इसके बाद उन्हें उपचार के लिए फर्रुखाबाद के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। इसके बाद अचानक ब्लड प्रेशर कंट्रोल से बाहर होने पर आज रविवार को करीब 11:00 बजे कानपुर के रीजेंसी हॉस्पिटल ले जाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में अचानक ब्रेन हेमरेज होने से का निधन हो गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही पत्रकार एवं साहित्यकार जगत में शोक की लहर दौड़ गई। कुशवाहा का पार्थिव शव अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास कमालगंज शास्त्री नगर में लाया गया।

## मंत्री संजय गंगवार के यातायात नियम तोड़ते काफिले का वीडियो वायरल

**पीलीभीत, 08 दिसंबर (वार्ता)।** राज्यमंत्री संजय सिह गंगवार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें जंगल से गुजरता काफिला किस तरह से यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहा है यह साफ नजर आ रहा है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में राज्य मंत्री संजय सिह गंगवार का काफिला जंगल के अंदर तेज रफ्तार से गुजरता दिखाई दे रहा है। उनके साथ वीडियो में पुलिस की गाड़ियों पर लगी लाइटें जलती दिख रही हैं एवं हूटर भी बज रहा है। संभवतः यह वीडियो किसी टूरिस्ट ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर मंत्री के काफिले पर नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। वायरल वीडियो में काफिले में सबसे आगे पुलिस की गाड़ी के बाद मंत्री की सरकारी गाड़ी और अन्य निजी गाड़ियां हैं। टाइगर रिजर्व जैसे संवेदनशील क्षेत्र में इस तरह का काफिला जंगल के नियमों का उल्लंघन माना जा रहा है। सोशल मीडिया पर लोग इस घटना की आलोचना कर मंत्री पर सरकार के नियमों के उल्लंघन का सीधा सीधा आरोप लगा रहे हैं।

## विदेशी मुद्रा भंडार इजाफे के साथ 658.1 अरब डॉलर पहुंचा

**मुंबई, 08 दिसंबर (वार्ता)।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 29 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.5 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 658.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.3 अरब डॉलर कम होकर 556.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 29 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.1 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 568.9 अरब डॉलर पर पहुंच गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 59.5 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 66.9 अरब डॉलर पर आ गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 2.2 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि में 2.2 करोड़ डॉलर के इजाफे के साथ 4.3 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

## अवैध खनन पर डीएम सख्त, पीएसी की तैनाती व ड्रोन से निगरानी

**सहारनपुर, 08 दिसंबर (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश में सहारनपुर जिले के यमुना तट किनारे के बडे इलाके में अवैध खनन की मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी मनीष बंसल ने रविवार को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अवैध रूप से खनन में लगे लोगों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। निरीक्षण के बाद श्री बंसल ने कहा कि पूरे क्षेत्र की ड्रोन से लगातार निगरानी की जाएगी और रात्रि में पीएसी गश्त करेगी। डीएम ने कहा कि उन्होंने बर्था कुर्सी, बर्था अहतमाल, धोलरी और नूनियारी क्षेत्रों का और वहां लगे स्टोन क्रशर का औचक निरीक्षण किया। तहसील टास्क फोर्स और पुलिस तथा ड्रोन कैमरे निगरानी रखेंगे। यमुना के दूसरे किनारे हरियाणा से अवैध खनन कारोबारी इस तरफ आकर अवैध खनन कर सामग्री उस ओर ले जाते है, इसे भी रोका जाएगा।

## डीएसपी रामकुमार बोले- हम फोर्स में शहीद होने के लिए नहीं आए हैं

**चंडीगढ़, 8 दिसंबर (एजेंसी)।** पंजाब हरियाणा के शंभू बॉर्डर से किसान रविवार को दिल्ली कूच पर अड़े रहे। हालांकि हरियाणा पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। पिछली बार से अलग हरियाणा पुलिस थोड़ी नरम दिखी। वहीं शाहाबाद के एक डीएसपी ने आंदोलन पर अपनी भी प्रतिक्रिया दी। दोपहर 12 बजे दिल्ली कूच के लिए निकले किसान जब बैरिकेडिंग के पास पहुंचे तो हरियाणा पुलिस ने उन्हें रोक लिया। किसानों से दिल्ली जाने की अनुमति मांगी गई। वहीं पुलिस की तरफ से एक लिस्ट दिखाई गई, जिसमें दिल्ली जाने वाले 101 किसानों के नाम थे। पुलिस का कहना था कि लिस्ट में जिनका नाम है वे अपना आईडी कार्ड दिखाकर आगे जा सकते हैं। पुलिस की अग्रिम पंक्ति में शाहाबाद के डीएसपी रामकुमार थे। उन्होंने किसानों से लगातार बात की और उन्हें समझाने का प्रयास किया। वहीं मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि हम भी किसान के बेटे हैं। अब पुलिस में सेवा दे रहे हैं लेकिन हम शहीद होने के लिए नहीं आए हैं। डीएसपी ने कहा कि मेरे साथी मेरा परिवार हैं। कोई उन पर पत्थर फेकेगा तो उनकी सुरक्षा मेरी जिम्मेदारी है। पुलिस ने बैरिकेडिंग तक पहुंचे किसानों को चाय और बिस्कुट दिया। उनके सामने हाथ जोड़े।

## पुलिस चैकिंग में अवैध शस्त्र और कारतूस समेत युवक हुआ गिरफ्तार

**बुढ़ाना, 08 दिसम्बर (बु.)।** कस्बा पुलिस चौकी इंचार्ज ललित कसाना ने अपने हमराहों की मदद से एक युवक को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से अवैध शस्त्र बरामद किया है। पुलिस ने युवक को जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बा पुलिस चौकी इंचार्ज ललित कसाना ने कांस्टेबल हरीश पाल सिंह व कांस्टेबल सागर सिंह के सहयोग से मुखबिर की सूचना पर गश्त के दौरान बड़कता रोड से एक संदिग्ध युवक को पूछताछ के लिए रोककर उसकी तलाशी ली तो उसकी अंटी से एक अवैध तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गये युवक ने अपना नाम शमीम पुत्र नजरुद्दीन निवासी ग्राम कल्याणपुर थाना रतनपुरी बताया। आरोपी पर 2 मुकदमे पहले से ही दर्ज हैं। पुलिस ने लिखा-पढ़ी करने के बाद युवक को जेल भेज दिया है।

## सोशल मीडिया का अत्यधिक इस्तेमाल बना सकता है मनोरोगी?

**नई दिल्ली, 8 दिसंबर (एजेंसी)।** मोबाइल और सोशल मीडिया के अत्यधिक इस्तेमाल को लेकर विशेषज्ञ चिंता जताते रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों, विशेषकर कोरोना के बाद से सोशल मीडिया का इस्तेमाल काफी बढ़ गया है। कई रिपोर्ट्स में इस बात को लेकर चिंता जताई जाती रही है कि जिस तरह से सोशल मीडिया पर 'हल्के स्तर' के कंटेंट बढ़ रहे हैं, इसका सभी आयु वर्ग के लोगों के मस्तिष्क पर नकारात्मक असर हो रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बच्चों और वयस्कों के दिन का एक बड़ा समय मोबाइल फोन को स्क्रॉल करने और सोशल मीडिया पर बीतता है, जिसका उनके मानसिक स्वास्थ्य पर कई प्रकार से नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इसी संबंध में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने साल 2024 के लिए 'ब्रेन रोट' शब्द को 'वर्ड ऑफ द ईयर' घोषित किया है। शॉर्टलिस्ट किए गए छह शब्दों में से इसे 37,000 से अधिक वोट मिले। ब्रेन रोट शब्द सोशल मीडिया पर अत्यधिक मात्रा में मौजूद दोयम दर्जे वाले कंटेट के कारण होने वाले मानसिक दुष्प्रभावों को लेकर चिंता को दशार्ता है। ऑक्सफोर्ड के विशेषज्ञों ने पाया कि ब्रेन रोट शब्द ने इस वर्ष काफी ध्यान आकर्षित किया।

## 'पुष्पा-2' ने वर्ल्डवाइड सबसे तेज 500 करोड़ कमाकर तोड़ दिया रिकॉर्ड

नई दिल्ली। अल्लू अर्जुन की फिल्म पहले दिन जो सुनामी लाई वो अभी भी थमने का नाम नहीं ले रही। फिल्म अपने पहले वीकेंड में एंट्री कर चुकी है और इसी के साथ फिल्म ने एक और रिकॉर्ड बना दिया है। इस रिकॉर्ड के बारे में पुष्पा 2 के मेकर्स माइथ्री मूवी मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट किया है। माइथ्री मूवी मेकर्स के ऑफिशियल इंस्टा हैंडल से पोस्ट कर बताया गया है कि पुष्पा 2 ने वर्ल्डवाइड 500 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। साथ ही ये भी बताया गया है कि पुष्पा 2 वर्ल्डवाइड सबसे तेज 500 करोड़ कमाने वाली भारतीय फिल्म बन गई है। साल 2023 में आई रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस में तबाही मचाई थी। इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 500 करोड़ सिर्फ 6 दिन में कमा लिए थे। पुष्पा 2 से पहले रणबीर कपूर की एनिमल के नाम दुनियाभर में सबसे तेज 500 करोड़ कमाने वाली फिल्म का रिकॉर्ड था। पुष्पा 2 सबसे बड़ी ओपनिंग वाली भारतीय फिल्म बन गई है। सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने 164।25 करोड़ की ओपनिंग लेकर पहले दिन बवाल मचाई थी। साथ ही अल्लू अर्जुन की फिल्म ने 3 दिनों में इंडिया में अब तक 380 करोड़ से ज्यादा की कमाई करके पीके, टाइगर जिंदा है, लियो, संजू और जेलर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के लाइफटाइम कलेक्शन को भी पीछे कर चुकी है। पुष्पा 2 को करीब 500 करोड़ रुपये में तैयार किया गया है और फिल्म ने इस बजट को पार कर लिया है। उम्मीद है कि फिल्म बहुत जल्द 1000 करोड़ का आंकड़ा टच कर लेगी। पुष्पा 2 को डायरेक्टर सुकुमार ने डायरेक्ट किया है। उन्होंने साल 2021 में इस फिल्म का पहला पार्ट बनाया था जो ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। उस फिल्म की तरह ही इस फिल्म में भी अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल ने अहम रोल निभाए हैं।

## पानी में सोडियम नाइट्राइट मिलाकर की 12 हत्याएं, हिरासत में हुई मौत

**अहमदाबाद, 8 दिसंबर (एजेंसी)।** गुजरात के अहमदाबाद में एक कारोबारी की हत्या की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार तांत्रिक नवल सिंह चावड़ा (42) सीरियल किलर निकला। पुलिस पूछताछ में उसने पानी में सोडियम नाइट्राइट मिलाकर 12 लोगों की हत्या का जुर्म कबूला है। हालांकि, रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई, वह अहमदाबाद पुलिस की हिरासत में था। सोडियम नाइट्राइट को धीमा जहर कहा जाता है। यह सेवन के 15 से 20 मिनट बाद असर करता है। एक अधिकारी ने बताया कि सरखेज पुलिस ने 3 दिसंबर की रात करीब एक बजे चावड़ा को उस वक्त गिरफ्तार किया था, जब वह अपराध करने जा रहा था। उसके टैक्सी कारोबार के साझेदार ने पुलिस को इसकी जानकारी दी थी। तांत्रिक क्रियाओं और मानव बलि के मामले में उसकी संलिप्तता की जांच के लिए चावड़ा 10 दिसंबर तक पुलिस रिमांड पर था। उन्होंने बताया, रविवार सुबह करीब 10 बजे चावड़ा बीमार पड़ गया और उसे एंबुलेंस से सिविल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने 12 हत्याएं कबूल कीं और सभी मौतें सोडियम नाइट्राइट के सेवन के कारण हुई थीं। डीसीपी शिवम वर्मा ने बताया कि चावड़ा से पूछताछ में पता चला कि तंत्र क्रिया के दौरान वह पानी में सोडियम नाइट्राइट घोल कर लोगों को पिला देता था। ऐसा कर उनसे 12 हत्याओं का अपराध स्वीकारा था, जिसमें अहमदाबाद में एक व्यक्ति की हत्या, सुरेंद्रनगर में अपने परिवार के तीन सदस्यों सहित छह हत्याएं, राजकोट में तीन और वांकानेर (मोरबी जिला) और अंजार (कच्छ जिला) में एक-एक व्यक्ति की हत्या शामिल है।

## जीवन में शिक्षा ही सफलता और उन्नति की कुंजी: राम कृपाल

**मुजफ्फरनगर, 08 दिसम्बर (बु.)।** पूर्व आईएएस राम कृपाल सिंह ने कहा कि जीवन में शिक्षा ही सफलता और उन्नति की कुंजी है। वंचित, शोषित और अति पिछड़े वर्ग के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करना राष्ट्र को सशक्त बनायेगा।

शहर में एसडी इंटर कालेज के सभागार में गौतम फाउंडेशन द्वारा आयोजित इमरत सिंह स्मृति पुरुस्कार प्रदाय समारोह का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि से हुआ। सेवानिवृत्त आईएएस राम कृपाल सिंह ने किसान इंटर कालेज खरड़ के बाहरवीं के मेधावी छात्र विनीत कुमार को दस हजार का चैक प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अथिति सिंह ने कहा कि विद्यार्थी का परिश्रम, अनुशासन और संकल्प कामयाबी का आधार बनता है। ग्रामीण क्षेत्र में छात्र-छात्राओं के लिए अभी भी उच्च शिक्षा के रास्ते अनुकूल नहीं है। अभिभावक किसी भी परिस्थिति में बच्चों को स्नातक अवश्य कराये।

विशिष्ट अतिथि गन्ना शोध संस्थान के निदेशक डॉ. जय प्रकाश सिंह ने कहा कि विद्यार्थी की सफलता के पीछे माता-पिता के त्याग और मेहनत की बड़ी भूमिका होती है। इमरत सिंह सामाजिक चिंतक थे, जिन्होंने जीवन पर्यंत शिक्षा को प्रोत्साहित किया था। भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व मुख्य प्रबंधक विमल प्रसाद गौतम ने कहा कि कलम की ताकत शिक्षा से बढ़ती है। अभावों में भी पढ़ाई के मार्ग को मत छोड़िए, जीवन में नया बदलाव शिक्षा ही लाती है। एसडी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य सोहन पाल सिंह ने कहा कि मोबाइल, नशा और सोशल मीडिया से युवा पीढ़ी को भटकाव से बचाना चुनौती बन रहा है। भोकरहेड़ी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य कैप्टन प्रवीण कुमार, प्रवक्ता राहुल कुमार, अनिल कुमार, यशपाल सिंह, रामनिवास चौधरी, शोभित सिंह आदि ने विचार रखे। शिवकुमार गौतम, सत्येश्वर कुमार, विपुल गौतम, सारँगरव सत्यांश ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। छात्र ओम कुमार ने संगीत प्रस्तुति दी। डीएवी कॉलेज के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष विपिन जैन तथा कला विभागाध्यक्ष डॉ. वेद पाल, ग्राम प्रधान जितेंद्र मलिक, नरेंद्र जयंत, राज कुमार, अजय गांधी, कामेश्वर त्यागी, संजय वर्मा, प्रंजय चौहान, राज रानी, प्रियंका गौतम आदि मौजूद रहे।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ बंगाल में प्रदर्शन, ढाका की साड़ियों को जलाया

**कोलकाता, 8 दिसंबर (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए। कोलकाता, कांथी, काकद्वीप, संदेशकाली और पुरुलिया में हिंदुत्ववादी संगठनों की ओर से आयोजित रैलियों में सैकड़ों लोग शामिल हुए। इन प्रदर्शनों में लोगों ने हिंदू पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की तत्काल रिहाई की भी मांग की। कोलकाता के सॉल्ट लेक इंटरनेशनल बस टर्मिनस के पास प्रदर्शन में लोगों ने बांग्लादेश की जमदानी साड़ियों को जलाया। उन्होंने बांग्लादेश के सामान का बहिष्कार करने का आह्वान किया और चेतावनी दी कि अगर तिरंगे का अपमान और हिंदुओं पर हमले जारी रहे, तो भारत के लोग चुप नहीं बैठेंगे। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, हम बांग्लादेश में हिंदुओं को लगातार निशाना बनाए जाने और भारत विरोधी नफरत फैलाने वाले बयानों की कड़ी निंदा करते हैं। हम चुप नहीं बैठेंगे। इसलिए, इन साड़ियों को जलाकर हम बांग्लादेशी उत्पादो का बहिष्कार करने की अपील कर रहे हैं। दूसरे प्रदर्शनकारी ने कहा, यह कैसा बांग्लादेश है? जो लोग 1971 के स्वतंत्रता संग्राम में लड़े थे, अब वे अपनी ऐतिहासिक धरोहर को मिटाने की कोशिश कर रहे हैं। कांथी में आयोजित विरोधी रैली का नेतृत्व राज्य के विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने किया। उन्होंने कहा, बांग्लादेश की कट्टरपंथी ताकतों के खिलाफ सभी सनातनी एकजुट हैं। उन्होंने कहा, 1971 में बांग्लादेश के स्वाधीनता संग्राम में 30 हजार से अधिक भारतीयों की शहादत को अब वहां के कट्टरपंथी भूल गए हैं। आज की रैली सीमा पार के तत्वों के लिए एक चेतावनी है कि वे इस प्रकार की नफरत फैलाने वाली बयानबाजी बंद करें। अधिकारी ने कहा, अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल और संयुक्त राष्ट्र के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए नरेंद्र मोदी सरकार उचित कदम उठाएगी।

## पार्ट टाइम जॉब के लिए महिला ने रील पर किया क्लिक, लगा 6.37 लाख रुपये का चूना

**नई दिल्ली, 8 दिसंबर (एजेंसी)।** सोशल मीडिया का सही से इस्तेमाल किया जाए तो अच्छा है लेकिन यह उतनी ही बुरा है जब इस

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## भाजपा और अमेरिकी विदेश विभाग

भाजपा ने अमेरिकी विदेश विभाग पर भारत विरोधी अभियान चलाने का गंभीर आरोप लगाया है। पार्टी ने कहा कि जॉर्ज सोरोस और ओसीसीआरपी भारत के खिलाफ साजिश कर रहे हैं। कांग्रेस को इस साजिश में शामिल बताया गया। अब अमेरिकी दूतावास ने बीजेपी के आरोपों पर निराशा जताई है। दूतावास ने कहा कि अमेरिका, मीडिया की स्वतंत्रता का समर्थक है। इन आरोपों पर अमेरिका का विदेश विभाग सफाई पेश कर रहा है। विदेश विभाग के प्रवक्ता का कहना है कि अमेरिकी सरकार स्वतंत्र संगठनों के साथ ऐसे कार्यक्रमों पर काम करती है, जो पत्रकारों के पेशेवर विकास और क्षमता निर्माण के लिए प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। यह कार्यक्रम इन संगठनों के संपादकीय फैसले या दिशा को प्रभावित नहीं करता। अमेरिका लंबे समय से दुनिया भर में मीडिया की स्वतंत्रता का समर्थक रहा है। एक स्वतंत्र और निष्पक्ष प्रेस किसी भी लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण घटक है, जो सूचित और रचनात्मक बहस को सक्षम बनाता है और सत्ता में बैठे लोगों को जवाबदेह ठहराता है। भाजपा के आरोपों के बाद भारत में यह मान्यता प्रबल हो रही है कि बाइडन जाते-जाते भी भारत विरोधी काम निपटा कर जाना चाहते हैं। उन्हें बांग्लादेश का उपद्रव शान्ति लग रहा है। ट्रम्प 20 जनवरी को शपथ लेंगे, तब तक ऐसे और उपद्रव सामने आ सकते हैं। दो महीने पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि भारत आगे न बढ़े ऐसा चाहने वाली कई शक्तियां हैं। बांग्लादेश में यह चर्चा चलती है कि भारत से हमको खतरा है, इसलिए पाकिस्तान को साथ लेना चाहिए। दोनों मिलकर भारत को रोक सकते हैं, जिस बांग्लादेश के बनने में भारत ने सहायता की, भारत ने कभी कोई बैर नहीं रखा, वहां ये चर्चाएं कौन करा रहा है। ऐसे नैरेशन वहां चलें, ये किन-किन देशों के हित की बात है, ये सब समझते हैं। भाजपा ने इस मामले में राहुल गांधी को भी कटघरे में खड़ा किया है। इसे लेकर कांग्रेस के नेता भड़के हुए हैं। भाजपा नेताओं का कहना है कि भारत विरोधी और पीएम नरेन्द्र मोदी के खिलाफ एजेंडा चलाने के पीछे हमेशा अमेरिकी विदेश विभाग का हाथ रहा है। लोकसभा में भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने यह मामला उठाया और संबित पात्रा ने इसे लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पार्टी ने आरोप लगाया कि जॉर्ज सोरोस की मदद से कांग्रेस,भारत के खिलाफ साजिश रच रही है। संबित पात्रा ने राहुल को देशद्रोही तक कह दिया। इस पर अशोक गहलोत ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा नेता मानसिक दिवालियेपन का शिकार हैं। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सोरोस के फंड से चल रहा ऑर्गनाइज्ड क्राइम ऐंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट, भारत के खिलाफ गलत जानकारी फैलाता है। इसमें कांग्रेस की मिलीभगत का आरोप लगाया गया। भाजपा ने सोशल मीडिया पर अपने आधिकारिक हैंडल से भी ये आरोप लगाए। इसमें कहा गया कि ऑर्गनाइज्ड क्राइम ऐंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट का कनेक्शन राहुल गांधी से है। साथ ही कहा कि ऑर्गनाइज्ड क्राइम ऐंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट का कंट्रोल यूएस सरकार के पास है। भाजपा ने कहा पिछले चार वर्षों में जिन भी मुद्दों पर कांग्रेस ने उसे निशाना बनाया है, वे सभी विदेशी नैरेटिवऔर स्रोतों पर आधारित हैं। पार्टी ने कहा कि पेगासस, अडानी, जाति जनगणना, लोकतंत्र खतरे में, ग्लोबल हंगर इंडेक्स, धार्मिक स्वतंत्रता और प्रेस स्वतंत्रता जैसे मुद्दे अंतरराष्ट्रीय स्रोतों से बड़े पैमाने पर प्रेरित लगते हैं। इस मामले में भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने हैं। माना जा रहा है कि भाजपा का कांग्रेस पर यह अब तक का बड़ा प्रहार है। आरोप यह भी लगाया गया कि 2021-2022 के दौरान, ओसीसीआरपी ने पेगासस स्पाइवेयर पर कई लेख प्रकाशित किए, जिन्हें भारतीय संसद सत्र शुरू होने के ठीक पहले समयबद्ध तरीके से जारी किया गया। इन लेखों का मुख्य उद्देश्य मोदी सरकार को निशाना बनाना था। कांग्रेस ने इन सामग्रियों का इस्तेमाल संसद में बाधा उत्पन्न करने और सरकार पर हमले करने के लिए किया। 2023 से अब तक ओसीसीआरपी ने अडानी ग्रुप पर लगभग 5-7 लेख प्रकाशित किए हैं, जो इसे बार-बार निशाना बनाते हुए दिखते हैं। इस एजेंडे के पीछे हमेशा अमेरिकी विदेश विभाग का हाथ रहा है। आरोपों को मजबूत बनाने के लिए फ्रांस के एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देकर कहा गया है कि ओसीसीआरपी को अमेरिकी विदेश विभाग की एजेंसी यूएसएआईडी और अन्य 'डीप स्टेट' हस्तियों जैसे जॉर्ज सोरोस और रॉकफेलर फाउंडेशन फंड करता है। यह पहला मौका है, जब भाजपा ने मोदी सरकार की आलोचना करने वाली रिपोर्ट को देखकर अमेरिकी सरकार पर सीधा हमला किया। हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव नतीजों के बाद भाजपा, कांग्रेस पर तीखे हमले कर रही है, तो इंडिया गठबंधन ही में राहुल गांधी को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं और इंडिया गठबंधन के सामने भी कई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। हरियाणा और फिर महाराष्ट्र में हार के बाद कांग्रेस पर सबसे बड़ा अटैक टीएमसी की ओर से किया जाता है। टीएमसी की ओर से कहा गया कि अब समय आ गया कि ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन की अगुवाई करनी चाहिए। इतना ही नहीं अडानी मुद्दे पर जहां कांग्रेस ने मोर्चा खोला, तो वहीं टीएमसी पीछे हटते हुए दिखी। कांग्रेस को टीएमसी का बिल्कुल भी साथ नहीं मिला। पश्चिम बंगाल की मुख्यमन्त्री ममता बनर्जी ने हाल ही में इंडिया गठबंधन के कामकाज पर असंतोष व्यक्त किया और मौका मिलने पर इसकी कमान संभालने के अपने इरादे का संकेत भी दिया। ममता बनर्जी के बयानों को आधार बनाते हुए बीजेपी की ओर से तंज कसा गया कि इंडिया गठबंधन में कोई भी नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नेतृत्व में विश्वास नहीं करता। ममता बनर्जी के इंडिया गठबंधन के नेतृत्व वाले बयान पर डीएमके ने नाराजगी जताई है। डीएमके के नेता केएस एलंगोवन ने कहा, इसका फैसला गठबंधन को करना है। इंडिया गठबंधन में कम से कम दस पार्टियां हैं और कांग्रेस एक नेशनल पार्टी है, जबकि ममता बनर्जी की टीमएसी एक राज्य स्तरीय पार्टी हैं। वह अपने राज्य में गठबंधन का नेतृत्व कर सकती हैं। इसका मतलब यह हुआ कि राहुल गांधी का नेतृत्व टीएमसी को मंजूर नहीं और इंडिया गठबंधन के नेतृत्व पर डीएमके, टीएमसी को स्वीकार नहीं करती।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"गैरत" "गलत" "खुद्दारी" "उम्र"

हो गया बूढ़ा मगर गैरत नहीं बूढ़ी हुई,
आज भी हरगिज गलत को ठीक कहता ही नहीं।
मैंने खुद्दारी को अपनी उम्र से आगे रखा,
बेजा जुमले हों किसी के सुन के सहता ही नहीं।

## गत विजेता बांग्लादेश ने आठ बार के चैंपियन भारत को हराया

**दुबई, 8 दिसंबर (एजेंसी)।** बांग्लादेश ने लगातार दूसरी बार अंडर-19 एशिया कप का खिताब अपने नाम करने में कामयाबी हासिल की। दुबई में खेले गए फाइनल मैच में बांग्लादेश ने भारत को 59 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने रिजान हुसैन की 47 रनों की पारी की बदौलत 49.1 ओवर में 10 विकेट पर 198 रन बनाए। जवाब में भारत की टीम 139 रन ही बना सकी और 35.2 ओवर में ऑलआउट हो गई। बांग्लादेश ने लगातार दूसरी बार अंडर-19 एशिया कप का खिताब जीता। इससे पहले उन्होंने पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की 195 रन से हराया था। बता दें कि, यह अंडर-19 एशिया कप का 11वां सीजन है। भारतीय टीम ने आठ बार इस टूनार्मेंट का खिताब जीता है। भारत को इससे पहले 2023 में अंडर-19 एशिया कप के सेमीफाइनल में बांग्लादेश ने चार विकेट से हराया था। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मुशीर खान की 50 रनों की पारी की बदौलत 188 रन बनाए थे। जवाब में बांग्लादेश ने 42.5 ओवर में 189 रन बनाकर जीत दर्ज की थी और फाइनल में स्थान हासिल किया था।

# मानवीय गुणों को अपनाकर ही मानव बनकर जिये- सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

**मुजफ्फरनगर, 08 दिसम्बर (बु.)।** सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज ने जीआईसी मैदान में आयोजित निरंकारी संत समागम में आए उपस्थित श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि मन में एक निराकार का भाव करके सत्संग से जुड़कर हर समय परमात्मा को याद करना है। यह संदेश हर युग में पीर-पैगम्बरों द्वारा दिया गया है। उन्होंने कहा कि वास्तव में जीवन में प्रीत, नम्रता, सहनशीलता के साथ करुणा के विस्तार का भाव होना चाहिए। सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज ने कहा कि संसार में हम मानव के रूप में पैदा हुए हैं तो मानवीय गुण को अपनाएं और यथार्थ मानव बन कर जीवन जियें। निरंकारी सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज ने मुजफ्फरनगर के राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में एक दिवसीय निरंकारी संत समागम में कहा कि एक छोटी सी बात भी मन पर बड़ा असर करती है, पीड़ा देती है लेकिन जहां निराकार है, इस पर विश्वास है, तो मन में पवित्र भाव रहते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि हम आदर सत्कार भी करते जाएं और औरों के लिए जीवन जिए। उन्होंने कहा कि ब्रह्म ज्ञान जहां नहीं पहुंचा वहां तक भी पहुंचे, मुक्ति का साधन ब्रह्मज्ञान है। परमात्मा जिस पल में जीवन में आ गया तो एक सच्चे मायने में बंधनों से छुटकारा मिल जाता है, यही मुक्ति है। उन्होंने कहा कि सेवा, सिमरन, सत्संग और संतों के वचन सुनने से मानव के अंदर मानवता की सेवा का भाव आता है और यहां निःस्वार्थ सेवा ही उसके इस जीवन को सुखदाई बनाती है और भक्ति में दृढ़ता लाती है। रविवार को जीआईसी मैदान में आयोजित संत समागम में निरंकारी राजपिता रमित जी महाराज का भी पावन आशीर्वाद प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में सहारनपुर जोन के जोनल इंचार्ज कुलभूषण चौधरी, कार्यक्रम संयोजक हरीश कुमार समेत सैकड़ों सेवादारों ने उपस्थित रहकर अपनी सेवाओं को समर्पित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चों की उपस्थिति रही। सुरक्षा कारणों से इस बीच सरकुलर रोड से महावीर चौक की ओर जाने वाले मार्ग पर पुलिस बल भारी संख्या में मुस्तैद दिखाई दिया।

## एसडी गर्ल्स कॉलेज गांधी कॉलोनी की छात्रा ने मंडलीय प्रतियोगिता में मारी बाजी

**मुजफ्फरनगर, 08 दिसम्बर (बु.)।** बीते दिनों सहारनपुर मंडल की खेल प्रतियोगिता में मंडलीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सहारनपुर के गुरू नानक बालिका इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित युवा उत्सव प्रतियोगिता में तीनों जनपदों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। जनपद मुजफ्फरनगर के एसडी गर्ल्स इंटर कॉलेज गांधी कॉलोनी की छात्रा कुमारी वंशिका ने एकल नृत्य की इस प्रतियोगिता में अपनी बेहतरीन प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुजफ्फरनगर की बेटी की इस सफलता पर पूरे जनपद में खुशी की लहर देखने को मिली। सहारनपुर मंडल प्रतियोगिताओं में दूसरी ओर जहां एक लोकगीत प्रतियोगिता में नंदिनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए जिले का गौरव बढ़ाया। वहीं सामूहिक लोकगीत प्रतियोगिता में प्रियांशी, वंशिका, अंशिका, सिम्मी, नंदिनी और अदिति ने प्रथम स्थान प्राप्त कर मंडल स्तर पर जनपद का नाम रोशन कर दिया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से दो घायल

**जानसठ, 08 दिसम्बर (बु.)।** जानसठ से खतौली मार्ग पर बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। रविवार की शाम को लगभग चार बजे मेरठ के दौराला निवासी राजीव पुत्र रमेश अपने साथी राकेश के साथ बाइक से अपनी रिश्तेदारी में मीशपुर जा रहा था।

जैसे ही वह लोग जानसठ से खतौली मार्ग पर गांव सादपुर के निकट पहुंचे तो, सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों घायल हो गए। इस दौरान चालक वाहन को लेकर वहां से फरार हो गया। राहगीरों ने दोनों घायलों को कस्बे में निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों के स्वजन को सूचना दे दी गई है। पुलिस को अभी तक तहरीर नहीं दी गई है।

## नि:शुल्क मैडिकल चैकअप में बताया दिल व कैंसर के बारे में विस्तार से

**मुजफ्फरनगर, 08 नवम्बर (बुस.)।** आज रोटरी-क्लब इनरहील भवन सरकुलर रोड, मु.नगर में एक निःशुल्क मैडिकल चैकअप कैम्प रोटरी क्लब अध्यक्ष डॉ. एम.एल. गर्ग एवं इनरहील क्लब (इरा) की अध्यक्षा उषा गर्ग के द्वारा आयोजित किया गया। कैम्प में मेदान्ता हास्पिटल गुरूग्राम से आई टीम में डॉ. सिद्धार्थ वार्ष्णेय एवं डॉ. अंकुर नन्दन वार्ष्णेय द्वारा मरीजों का चिकित्सय परीक्षण किया गया और सभी मरीजों को उपचार हेतु परामर्श दिया गया। कैम्प में दिल के 70 रोगी, कैन्सर के 5 रोगी और सामान्य बीमारी वाले 30 रोगी देखे गये। सभी रोगियों को विस्तार से दिल की बीमारियों से व कैन्सर से बचाव के तरीके बताते समय खान-पान एवं लाइफ मोडिफिकेशन के बारे में विस्तार से चर्चा की। कैम्प में सचिव रो. अनिल कुमार गर्ग, पी.पी. रो. अशोक शर्मा, रो. गिरीराज माहेश्वरी, डॉ. राजेश्वर सिंह, पी.पी. रो. रविन्द्र सिंह आदि एवं इनरहील क्लब इरा की सचिव उषा राणा, रीता गर्ग, सुषमा गर्ग, नीति सिंगल, कुमुद गर्ग, मधु भार्गव आदि का सहयोग रहा।

## यूपी को तीन और अमृत भारत की सौगात

**लखनऊ, 8 दिसंबर (एजेंसी)।** रेलवे ने यूपी को तीन और अमृत भारत की सौगात दी है। जनरल व स्लीपर क्लास में यात्रा करने वालों की सुविधा के लिए रेलवे लखनऊ के रास्ते तीन और अमृत भारत एक्सप्रेस चलाएगा। चंडीगढ़ से वाराणसी, गोरखपुर से मुंबई और हावड़ा से दिल्ली वाया लखनऊ ट्रेनें चलेंगी। अभी तीन रूटों पर अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन हो रहा है। इसमें लखनऊ के रास्ते आनंदविहार से दरभंगा के लिए एक अमृत भारत एक्सप्रेस है। अब रेलवे बोर्ड 26 और अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें पटरी पर उतारने जा रहा है। अफसरों के मुताबिक इनमें से तीन लखनऊ के रास्ते चलेंगी। बिना एसी वाली अमृत भारत एक्सप्रेस आम यात्रियों के लिए डिजाइन की गई है। नई ट्रेनों में सीसीटीवी कैमरे लगे रहेंगे। टॉक-बैक सिस्टम से यात्री आपात स्थिति में सीधे लोको पायलट व ट्रेन मैनेजर से संपर्क कर सकेंगे। वैक्यूम बायो टॉयलेट, आरामदायक सीटों की सुविधा मिलेगी। 22 बोगियों वाली अमृत भारत एक्सप्रेस में 1834 यात्री सफर कर सकेंगे। ये ट्रेनें 130 किमी की रफ्तार से दौड़ेंगी।

# मंत्री अरविंद कुमार शर्मा और कपिल देव अग्रवाल ने गुजरात के राज्यपाल और मुख्यमंत्री सहित गुजरातवासियों को महाकुंभ में आने के लिए किया आमंत्रित

**लखनऊ, 08 दिसम्बर, (एजेंसी)।** प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ 2025 की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उत्तर प्रदेश सरकार इस ऐतिहासिक आयोजन को दिव्य और भव्य रूप में प्रस्तुत करने के लिए देश-विदेश में व्यापक प्रचार अभियान चला रही है। इसी क्रम में विभिन्न राज्यों में मंत्रियों को नामित कर वहां के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और अन्य प्रमुख व्यक्तियों से भेंट के माध्यम से उन्हें महाकुंभ में आमंत्रित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा और व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल को गुजरात में प्रचार-प्रसार और आमंत्रण कार्य हेतु नामित किया गया। इसी क्रम में रविवार को शाम में प्रदेश के दोनों मंत्रीगण गुजरात की राजधानी अहमदाबाद पहुंचे। मंत्रीगण रविवार को दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत अहमदाबाद पहुंचे। पहले दिन उन्होंने

**- मंत्रीगण ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को गंगाजल युक्त कुंभ कलश, महाकुंभ का लोगो, आमंत्रण पत्र, कुम्भ साहित्य भेंट किया**

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से औपचारिक मुलाकात की। अहमदाबाद में मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से मुलाकात के दौरान महाकुंभ 2025 की विशेषताओं पर चर्चा हुई और मंत्रीगण ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महाकुम्भ को दिव्य और भव्य रूप से आयोजित करने के लिए सभी तैयारियां कर रही है। मंत्रीगण ने मुख्यमंत्री को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से गंगाजल युक्त कुंभ कलश, महाकुंभ 2025 का लोगो, मुख्यमंत्री का आमंत्रण पत्र, कुम्भ साहित्य और मुजफ़्फरनगर का गुड़ भेंट किया। इसके पश्चात मंत्रीगण ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत से राजभवन जाकर मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से गंगाजल भरा कुंभ कलश, महाकुंभ 2025 का लोगो व मुख्यमंत्री का आमंत्रण पत्र, कुम्भ साहित्य और उत्तर प्रदेश का गुड़ भेंट किया गया। महाकुंभ की दिव्यता और भव्यता का परिचय देते हुए उन्हें प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। इस पर न्होंने महाकुंभ में आने का आश्वासन भी दिया। मंत्रीगण ने इस अवसर पर कहा कि प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाला महाकुंभ न केवल आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का माध्यम भी है। प्रयागराज की त्रिवेणी के संगम में देश विदेश से करोड़ों श्रद्धालु आकर प्रयागराज महाकुंभ के साक्षी बनेंगे। उन्होंने गुजरातवासियों से बड़ी संख्या में महाकुंभ में भाग लेने और सनातन संस्कृति का साक्षी बनने का आग्रह किया।

# जनपद में शुरू हुआ पल्स पोलियो अभियान

**- 530421 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया**

**मुजफ्फरनगर, 08 दिसंबर (बुस.)।** जनपद में आज से पल्स पोलियो अभियान शुरू हुआ, जिसका शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल एवं संयुक्त निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सहारनपुर मंडल डॉ. कुमुद के द्वारा संयुक्त रूप से प्राथमिक विद्यालय मखियाली में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए उन्होंने जनपद के 0 से 5 वर्ष आयु के सभी अभिभावकों से कहा कि वे अपने बच्चों को पोलियो से बचाने के लिए पल्स पोलियों बूथ पर लेकर आए और उन्हें यह खुराक अवश्य पिलवाएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में आज से पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत 5 लाख 30 हजार 421 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. विपिन कुमार ने बताया कि जनपद में आज रविवार को पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत बूथ पर दवाई पिलाई गयी। कल 9 दिसंबर से लेकर 13 दिसंबर तक टीमें घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी तथा जो बच्चे छूट जाएंगे, उनके लिए 16 दिसंबर को पुनः टीमें घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगे। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मखियाली के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनु चौधरी, सहायक जिला प्रतिरक्षण अधिकारी प्रदीप शर्मा, डॉ. अजय पंवार, यूनिसेफ डीएमसी तरन्नुम, वीसीसीएम इमरान, स्टेनो अक्षय शर्मा, ओंकार शर्मा, रामकुमार एवं रविंद्र आदि उपस्थित रहे।

**खोया सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे नाम के प्लाट नम्बर 82 व 83 मौहल्ला अरिहंत विहार, रकबा कूकड़ा, मुजफ्फरनगर का बैनामा, जो दिनांक 30-06-1990 को बही-1, खण्ड -114, पृष्ठ 155/174, रजि0 क्र0 4815 पर कार्यालय उपनिबन्धक मुजफ्फरनगर में रजिस्ट्रीकृत है, वास्तव में कहीं खो गया है। किसी अन्य व्यक्ति द्वारा इसका प्रयोग अवैध होगा।

श्रीमति सुधा रानी पत्नि श्री ईश्वर दयाल
निवासी-147, अहाता औलिया जी
मोती महल, मुजफ्फरनगर

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मैराज (MAIRAJ) से बदलकर मेहराज अहमद (MEHRAJ AHMAD) रख लिया है। भविष्य में मुझे मेहराज अहमद (MEHRAJ AHMAD) के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

मेहराज अहमद (MEHRAJ AHMAD)
पुत्र श्री महफूज
म0न0 953, मौहल्ला कुंगर पट्टी
सुजडू, मुजफ्फरनगर

# भगवान आदिनाथ जी का पंचकल्याणक प्रारम्भ

**मुजफ्फरनगर, 08 दिसम्बर (बुस.)।** श्री 1008 भगवान आदिनाथ जी का भव्य पंचकल्याणक एवं विश्व शान्ति महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर सर्व प्रथम अभिषेक, पूजन, गुरु आज्ञा, महाराज जी का आमंत्रण, इन्द्र गण एवं माता पिता सम्मान, 108 उपाध्याय विकसंत सागर महाराज प्रवचन, मंगल ध्वज स्थापना, घटयात्रा, वेदी शुद्धि, कलश स्थापना, दीप स्थापना, यागमण्डल विधान द्वारा पं.नरेश कुमार कांसल, हस्तिनापुर, कार्यक्रम का संचालन रविन्द्र जैन वहलना वालों ने किया। गर्भ कल्याणक संस्कार, माता मरुदेवी की गोद भराई, सौधर्म इन्द्र का आसन, कम्पायमान, माता की 56 कुमारियों द्वारा सेवा आदि कार्य सम्पन्न हुए। संजय जैन(पारस एन्क्लेव) मुख्य संयोजक, डायरेक्टर द्वारका सिटी, पंकज जैन गान्धी टैन्ट वाले विशेष सहयोगी, प्रवीण जैन हुन्डई, मनोज जैन जैन मिलन, दिनेश जैन एडवोकेट, अशोक कुमार जैन पीएनबी वाले, दीपक जैन गान्धी टैन्ट, अरुण जैन ठेकेदार, अजय जैन सी.ए. महिलाओं में साधना जैन, अरुणा जैन, पिंकी जैन, रश्मि जैन, सुमन जैन हाइडिल, अनिता जैन, रुपाली जैन, दीपक जैन अलवर वाले, प्रमोद जैन कैमिकल वाले, राजीव जैन, अशोक कुमार जैन महावीर ज्वैलर्स आदि का विशेष सहयोग रहा।

# समाजवादी महिला सभा करेगी महिलाओं की आवाज बुलंद : सुषमा सैनी

**मुजफ्फरनगर, 08 दिसम्बर (बुस.)।** समाजवादी महिला सभा की मासिक बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुजफ्फरनगर लोकसभा सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों से महिलाओं में असुरक्षा की भावना बढ़ी है। समाजवादी पार्टी में ही महिलाओं को सम्मान सुरक्षा व राजनीतिक भागीदारी दी जाती है। महिलाओं को बढ़ती महंगाई ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। समाजवादी पार्टी हर जाति वर्ग व महिलाओं को सम्मान देने के लिए उनको महत्वपूर्ण जिम्मेदारी व हिस्सेदारी देती रहेगी। समाजवादी महिला सभा जिलाध्यक्ष सुषमा सैनी ने कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव के निर्देशानुसार प्रत्येक माह की मासिक बैठक में महिलाओं की समस्याओं, उनमें राजनीतिक जागृति तथा उनके उत्पीड़न पर रणनीति बनाकर आंदोलन करने का निर्णय लिया जाता है। निर्वाचन आयोग के वोट बनाओ अभियान को प्रत्येक गांव-गांव चलाने तथा भाजपा सरकार में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध और भेदभाव के विरुद्ध समाजवादी महिला सभा महिलाओं की आवाज बुलंद करेगी। उन्होंने किसान, मजदूर, युवाओं, महिलाओं व पीडीए को हिस्सेदारी देने वाली समाजवादी पार्टी से ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जुड़ने की अपील की। पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्यामलाल बच्ची सैनी ने महिलाओं को अपने अधिकार व सम्मान के लिए समाजवादी पार्टी से जुड़ने का आह्वान किया। मीटिंग का संचालन समाजवादी पार्टी जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन व जिला महासचिव महिला सभा वकीला बेगम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मीटिंग में मुख्य रूप से समाजवादी महिला सभा महानगर अध्यक्ष हेमानी सिंह, शिखा कोरी, प्रीति शर्मा, संतलेश सैनी, बबली सैनी, फेमिदा सैफी, कमलेश सैनी, ममता कश्यप, निशा कालियान, पिंकी कश्यप, पूनम चौधरी, दीपा, फातिमा सैफी, विमला, संतोष प्रजापति, शाहीन राणा, सुमन सेन, संतोष, सुदेश देवी, विमल सैनी, सहित अनेक सपा महिला सभा पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रही।

## एडिलेड डे-नाइट टेस्ट में भारत की दस विकेट से हार

**एडिलेड, 8 दिसंबर (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड में खेले गए डे नाइट टेस्ट में भारत को 10 विकेट से हरा दिया। एडिलेड टेस्ट महज तीन दिन में समाप्त हो गया और 2020 की तरह इस बार भी टीम इंडिया कुछ खास नहीं कर सकी। यह डे नाइट टेस्ट में टीम इंडिया को मिली दूसरी हार रही। भारत ने अब तक पांच पिंक बॉल टेस्ट खेले हैं और तीन में उसे जीत मिली है।

वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने 12 डे नाइट टेस्ट खेले हैं और सिर्फ एक मैच गंवाया है। इस हार से भारतीय टीम पर एकबार फिर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं। जसप्रीत बुमराह की अगुआई में भारतीय टीम ने पर्थ में जो ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी, वह रोहित के वापस आते ही फुस्स हो गई। रोहित की कप्तानी में टीम इंडिया को लगातार चौथे टेस्ट में हार मिली। भारतीय टीम ने दिन के वक्त तो अच्छा खेल दिखाया, लेकिन अंडर लाइट्स जब गेंद लहराती है तो भारतीय गेंदबाज कुछ खास नहीं कर सके। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में अंडर लाइट्स ज्यादा समय गुजारा, लेकिन टीम इंडिया सिर्फ एक ही विकेट ले सकी। नतीजा अगले दिन ट्रेविस हेड ने धूप में सूख चुकी पिच पर खूब रन बटोरे। वहीं, जब बात भारतीय बल्लेबाजी की हुई तो दूसरे दिन रात में भारत ने दूधिया रोशनी में अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट गंवा दिए। यही जीत हार का मुख्य कारण बना।

# 'आतंकियों तक संदेश पहुंचाने का आईएसआई ने निकाला नया तरीका, नशेड़ी लोगों और महिलाओं का कर रहा इस्तेमाल

**नई दिल्ली, 8 दिसंबर (एजेंसी)।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने नशे की लत से प्रभावित और मासनिक रूप से अस्वस्थ लोगों को भारत भेजने का एक नया तरीका अपना है। इन लोगों को भारत में घु

# टाउनहाल मैदान में दिखाई दिया हिन्दू एकजुटता का सैलाब

**मुजफ्फरनगर, 08 दिसम्बर (बु.)।** सनातन धर्म रक्षा मंच के आह्वान पर नगर के टाउनहाल मैदान में आयोजित जनसभा में बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ हो रहे तमाम अत्याचारों के विरोध में एकजुटता दिखाई गई। इस सभा में कई प्रमुख हिंदू संगठनों के नेताओं के साथ ही साधु-संत शामिल हुए। सभा का उद्देश्य बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों के प्रति जागरूकता

## आम-ओ-खास ने सड़कों पर किया प्रदर्शन, कार्रवाई की मांग

फैलाना और केन्द्र सरकार से ठोस कदम उठाने की अपील करना था। उक्त मामले में बांग्लादेश में हाल के दिनों में हिंदुओं पर इस बीच अत्याचारों की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं. मंदिरों को तोड़ा जा रहा है और हिंदू समुदाय के लोगों पर हमले हो रहे हैं। इसी स्थिति में कई लोग अपने घरों को छोड़ने पर मजबूर हो रहे हैं, जो चिंतन का विषय है और इस पर ध्यान देने की जरुरत है। सनातन धर्म रक्षा मंच के बैनर तले हिंदू संगठनों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का संचालन चरणपाल सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वामी दीपांकर महाराज, स्वामी यशवीर महाराज, संगीता आर्य, माधव न्यास महाराज, अमित कुमार श्री परमधाम न्यास शुक्रताल, हरीश रोतेला प्रांत प्रचारक, ओमकार सिंह, संजय लखान, विकास भार्गव, भूपेन्द्र, जयेन्द्र, पूर्व सांसद सोहनवीर सिंह, पूर्व विधायक अशोक केसल, उमेश मलिक, पूर्व विधायक प्रमोद उटवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल पंवार, विजय शुक्ला, सत्यपाल सिंह पाल, चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, सरदार सुखदर्शन सिंह बेदी, अमरजीत सिंह सिडाना, डॉ. सुभाष शर्मा, संजय अग्रवाल, संजय अरोरा, सुभाष चौहान, सुनील सिंघल, सुनील तायल, आशुतोष शर्मा, नमन मित्तल, राहुल गोयल, मनोज सैनी, बिट्टू सिखेड़ा, डॉ. योगेन्द्र शर्मा, वार्ड सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, हनी पाल, अमित पटपटिया, रितू त्यागी, ममता बालियान, साधना सिंघल, ममता अग्रवाल, विनीत कात्यायन, विपुल त्यागी, प्रवीण जैन, प्रवीन चीनू जैन, रमेश खुराना, अनिल नामदेव, राकेश केसल, नीरज शर्मा, अरूण ठाकुर, अतुल सैनी, मनोज शर्मा, शरद शर्मा, तरूण मित्तल, बागेश अग्रवाल, विशाल

गर्ग, हरीश अहलावत, समेत इस कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, व्यापारिक संगठनों के साथ मुख्य रूप से श्री गोलोक धाम गांधी कॉलोनी, पिछड़ा वर्ग वंचित समाजसेवा समिति, पूर्व सैनिक संगठन, गायत्री परिवार ट्रस्ट, विकास परिषद्, साक्षी वैलफेयर ट्रस्ट, संयुक्त हिन्दू मोर्चा, उत्तर प्रदेश व्यापार मण्डल, सनातन धर्म सभा, त्यागी सभा, शिव सेना, क्रांति सेना, संयुक्त हिन्दु महासंघ, आर्य समाज, राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन, जिला आर्य प्रतिनिधि सभा, सर्व समाज, वीरेन्द्र वर्मा विचार मंच, हिन्दू जागरण मंच, हिंदू क्रांति सेना, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व उनके अनुवांशिक संगठन से आये सभी प्रतिनिधियों व उनके कार्यकर्ताओं ने हजारों की संख्या में भाग लिया।

## धीरेंद्र शास्त्री सुरक्षाकर्मियों से भिड़े धीरेंद्र शास्त्री के सुरक्षा कर्मियों से भिड़े शराबी

**आगरा, 8 दिसंबर (एजेंसी)।** न्यू दक्षिणी बाइपास स्थित ढाबे पर रविवार रात ढाई बजे बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री के सुरक्षाकर्मियों से शराबी भिड़ गए। वृंदावन से लौटते समय धीरेंद्र शास्त्री के साथ काफिले में चल रहे सुरक्षाकर्मी बजरंग ढाबे पर खाना पैक कराने गए थे। ढाबे वाला सुरक्षाकर्मियों को पहले खाना पैक करने लगा। जिसे लेकर वहां पहले से मौजूद कार में सवार नशे में तीन युवकों ढाबा संचालक और सुरक्षाकर्मियों से विवाद हो गया। जिसके बाद काफिला पेट्रोल पर पंप जाकर रुका। पेट्रोल पंप पर धीरेंद्र शास्त्री उनके काफिले के साथ आए लोगों का वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हो रहा है। मामला संज्ञान में आने पर रविवार सुबह पुलिस ढाबे और फिलिंग स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज चेक करने पहुंची। हालांकि ढाबा संचालक संजय और पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने विवाद से इनकार किया है। पुलिस का कहना है कि विवाद की कोई सूचना नहीं है। घटना रात 2:40 बजे की बताई गई है।

## बाला जी यात्रा में दस बेस से अधिक के डीजे नहीं लगेंगे

**मुजफ्फरनगर, 08 दिसम्बर (बु.)।** रविवार को डीजे संचालकों व बालाजी धाम कमेटी के बीच डीजे को लेकर अहम बैठक हुई। लगभग डेढ़ घंटा चली बैठक के बाद डीजे संचालकों व बालाजी धाम मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों के बीच आपसी सहमति बनी कि इस बार यात्रा में दस बेस से अधिक के डीजे नहीं लगाए जायेंगे। बड़े-बड़े डीजे को लगाने की अनुमति न तो मिलेगी और यात्रा को पहुंचने में लम्बा समय लगता है, इसी को ध्यान में रखते हुए दस बेस से अधिक के डीजे बालाजी यात्रा में मान्य नहीं होंगे। बालाजी धाम मंदिर में बैठक सम्पन्न होने के बाद मंदिर कमेटी के अध्यक्ष हरीशंकर मूंधडा, गाजियाबाद, सहारनपुर, शामली और मोदीनगर से पहुंचे डीजे संचालकों ने मीडिया को पूरी जानकारी दी कि आपसी सहमति से यह तय किया गया है कि बालाजी यात्रा में अब दस बेस से अधिक के डीजे शामिल नहीं किये जायेंगे। कसाना डीजे के स्वामी उमेश कसाना व मुजफ्फरनगर डीजे साउंड एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज कर्णवाल भी बैठक में शामिल रहे।

## मेरठ में 50 लोगों का बदलवा दिया धर्म, साउंड प्रूफ कमरे में हो रही थी प्रार्थना सभा

**मेरठ, 8 दिसम्बर (एजेंसी)** परतापुर क्षेत्र के शंकर नगर के एक घर में मेडिकल कैंप की आड़ में 50 से ज्यादा लोगों के धर्मांतरण का आरोप लगाते हुए हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया। मौके से धार्मिक साहित्य समेत अन्य सामान भी कब्जे में ले लिया। पकड़े गए लोगों से पूछताछ के साथ पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। शंकर नगर स्थित एक मकान में रविवार सुबह मेडिकल कैंप लगा था। तभी हिंदू रक्षा दल के जिला प्रभारी अंकुर राज शर्मा और भारतीय किसान मंच के गौरव पाराशर कार्यकताओं के साथ पहुंच गए। उन्होंने धर्मांतरण कराने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस मौके पर पहुंच गई। साउंड प्रूफ हॉल में प्रार्थना घर बना था। यहां प्रार्थना कराई जा रही थी। मौके से 7-8 लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इन लोगों का कहना था कि मेडिकल कैंप में लोगों का उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने इन लोगों को हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह का कहना है कि पकड़े गए लोगों से पूछताछ की जा रही है। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## मंगाया विलायती वेज, परोस दिया रोस्ट चिकन, हालत बिगड़ने पर हंगामा

**मेरठ, 8 दिसम्बर (एजेंसी)** गंगानगर के डाउन टाउन कांप्लेक्स स्थित रोमियो लेन रेस्टोरेंट में शुक्रवार शाम ज्योतिष परिवार ने खाने में वेज मंगाया लेकिन उन्हें रोस्ट चिकन परोस दिया गया। परिवार ने दूसरे समुदाय के स्टाफ पर जानबूझकर धर्म भ्रष्ट करने का आरोप लगा हंगामा किया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में स्टाफ गलती से दूसरे का ऑर्डर परोसे जाने की बात स्वीकार कर रहा है। गंगानगर क्षेत्र निवासी एक ज्योतिष अपनी पत्नी, बेटा और बेटी के साथ रेस्टोरेंट में खाना खाने गए थे। परिवार ने विलायती वेज ऑर्डर किया था। कुछ देर बाद वेटर रोस्ट चिकन लेकर आया और परोस दिया। स्वाद कुछ अजीब लगने पर परिवार ने वेटर को बुलाकर पूछा तो पता चला कि नॉनवेज है। परिवार ने हंगामा शुरू कर दिया। चिकन परोसने वाले वेटर का नाम पूछा तो उसने सुल्तान बताया। इस पर परिवार और भड़क गया और जानबूझकर धर्मभ्रष्ट करने का आरोप लगाने लगा। सीओ सदर देहात नवीना शुक्ला का कहना है कि परिवार की ओर से शिकायत मिली है। मामला खाद्य सुरक्षा विभाग का है, लेकिन जांच कराई जा रही है।

## किसान आंदोलन का मामला पहुंचा शीर्ष कोर्ट; कल होगी सुनवाई

**नई दिल्ली, 8 दिसंबर (एजेंसी)।** दिल्ली में शंभू बॉर्डर पर किसान डटे हुए हैं। वहीं, किसानों के प्रदर्शन के मामले में कल यानी सोमवार को सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा। दरअसल, किसानों के प्रदर्शन को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी। इस याचिका में पंजाब-हरियाणा में राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों को खोलने का निर्देश देने की मांग की गई है। इसमें कहा गया है कि राज्य के विभिन्न स्थानों पर कथित किसानों और किसान यूनियनों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण और अवरोध किया गया है। यह लोगों के मौलिक अधिकारों के खिलाफ है। साथ ही यह बीएनएस के तहत भी अपराध है। ऐसे में पंजाब और हरियाणा राज्य के साथ ही केंद्र सरकार हाइवे से किसानों को हटाए। साथ ही इसमें यह सुनिश्चित करने का निर्देश देने की मांग की गई है कि सभी राष्ट्रीय राजमार्ग और रेलवे ट्रैक आंदोलनकारी किसानों द्वारा अवरुद्ध न किए जाएं। जनहित याचिका में यह निर्देश देने की मांग की गई है कि राज्यों और केंद्र सरकार को आम जनता के लिए सुगम मार्ग सुनिश्चित करना चाहिए। इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 9 दिसंबर को सुनवाई करेगा।

# दिल्ली कूच : हरियाणा पुलिस ने फँसाया किसानों की 'पहचान' का पेंच

**चंडीगढ़, 08 दिसंबर (वार्ता)** फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी के कानून व अन्य मांगों को लेकर किसानों के 'दिल्ली कूच' में हरियाणा पुलिस ने रविवार को जत्थे में शामिल किसानों की 'पहचान' का पेंच फंसा दिया। हरियाणा की अंबाला पुलिस नए शंभू सीमा पर किसानों को रोकने के लिए आज भी आँसू गैस, पानी की धार छोड़ी और फूल भी बरसाकर किसानों को शांत करने का प्रयास किया। पुलिस ने दावा किया कि उन्हें किसानों की जो सूची दी गई है, सीमा पर आए लोग वह नहीं थे। इसलिए पुलिस उनसे पहचान दिखाने को कह रही थी। दूसरी तरफ, किसान नेता सरवन सिह पंधेर ने कहा कि पुलिस झूठ बोल रही है। उन्होंने किसानों के जत्थे में शामिल किसानों की सूची दी हुई है और वही लोग वहाँ पहुंचे थे। श्री पंधेर ने कहा कि पुलिस का चेकिंग का निर्णय था तो वह उन्हें पहले बता देते। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस को किसानों को जाने देना है नहीं, तो चेकिंग का क्या मतलब है? उन्होंने यह भी कहा कि किसानों का आंदोलन शांतिपूर्ण, अनुशासित है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शनिवार के मुकाबले आँसू गैस ज्यादा दाग रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास है, या तो वह मसलों को सुलझाएं या फिर 'दिल्ली कूच' करने दें।

## पंजाब पुलिस ने मीडियाकर्मियों को किसान मोर्चे से दूर रोका

**चंडीगढ़, 08 दिसंबर (वार्ता)** पंजाब पुलिस ने रविवार सुबह शंभू सीमा पर मीडियाकर्मियों को किसान मोर्चे से दूर ही रोक दिया। हरियाणा पुलिस ने शनिवार को पंजाब पुलिस को मीडिया कर्मियों की 'सुरक्षा के मद्देनजर' उन्हें सुरक्षित दूरी (कम से कम एक किलोमीटर) पर रोकने का अनुरोध किया था। हरियाणा पुलिस का यह भी कहना था कि शुक्रवार को किसानों के जत्थे के साथ मीडियाकर्मियों की भीड़ आ जाने के कारण उन्हें कानून व्यवस्था संभालने में बहुत दिक्कत आई। किसान नेताओं का आरोप है कि केंद्र व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकारें पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार के साथ मिलकर किसानों की आवाज को दबाने के लिए मीडिया को रोक रही हैं। किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा (गैरराजनीतिक) संगठनों की तरफ से 100 किसानों के एक जत्थे ने शुक्रवार को 'दिल्ली कूच' का प्रयास किया था लेकिन हरियाणा पुलिस ने सीमा पर बैरीकेड लगाकर और आँसू गैस व मिर्ची के स्प्रे छिड़ककर किसानों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। बाद में किसान नेताओं ने रविवार को फिर दिल्ली कूच का आह्वान किया था। इस बीच, किसान नेता सरवन सिह पंधेर ने मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा कि हरियाणा से लगी पंजाब की खनौरी और शंभू सीमा पर किसान आंदोलन को आज 300 दिन पूरे हो गए हैं। उन्होंने बताया कि पहले किसानों को ट्रैक्टर-ट्रॉली के नाम पर रोका गया, किसानों ने जब पैदल जाने की तैयारी दिखाई तो वह भी नहीं करने दे रहे। श्री पंधेर ने कहा कि शनिवार को भी उनकी हरियाणा के एक पुलिस अधिकारी से बात हुई और उन्होंने किसानों की सूची देने व एक-एक कर हरियाणा पुलिस व अर्धसैनिक बलों की निगरानी में दिल्ली जाने देने को कहा, जिससे कोई कानून-व्यवस्था की समस्या न हो लेकिन वह बात भी ठुकरा दी गई। श्री पंधेर ने आरोप लगाया कि वास्तव में किसान दंडवत करते दिल्ली जाएँ तो भी नरेन्द्र मोदी सरकार जाने नहीं देगी। उन्होंने पंजाब के किसानों से भाजपा नेताओं के बहिष्कार का आह्वान किया और कहा कि उन्होंने सुना है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिह सैनी और केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी अमृतसर जा रहे हैं, यदि ऐसा है तो किसानों को उनके पंजाब प्रवेश पर विरोध करना चाहिए।

# बशर अल-असद का विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ?

**दमिश्क, 8 दिसंबर (एजेंसी)।** सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद की तलाश की जा रही है। विद्रोही गुट के लड़ाके उन लोगों से पूछताछ कर रहे हैं, जिन्हें असद के बारे में जानकारी हो सकती है। इस बीच, एक फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट ने बताया कि सीरिया की राजधानी दमिश्क से उड़ान भरने वाला आखिरी विमान इल्युशिन-76 था, जिसकी उड़ान संख्या सीरियन एयर 9218 और उस विमान में बशर अल-असद के सवार होने की संभावना जताई जा रही है। विमान ने दमिश्क से उड़ान भरी और बाद में उसका संपर्क अचानक टूट गया। अब विद्रोही यह जानने की कोशिश कर रही हैं कि असद के साथ क्या हुआ। विमान के उड़ान भरने से कुछ समय पहले विद्रोही सेनाओं ने हवाई अड्डे पर कब्जा करना शुरू किया। विमान पहले पूर्व की दिशा में उड़ान भरता है, फिर अचानक उत्तर दिशा में मुड़ता है। लेकिन थोड़ी देर बाद जब विमान होम्स (सीरिया का एक प्रमुख शहर) के ऊपर उड़ रहा था, उसका संपर्क टूट गया। विद्रोहियों ने रविवार को दावा किया कि दमिश्क अब आजाद हो गया है और असद राजधानी छोड़कर भाग गए हैं। इसके बाद से असद का कोई सार्वजनिक बयान या विमान की रहस्यमयी उड़ान को लेकर कई तरह की अटकले लगाई जा रही हैं कि वह सीरिया छोड़ चुके हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर कई तरह के दावे किए जा रहे हैं, जिनमें दावा किया जा रहा है कि असद का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। बदलने से लगता है कि इसे किसी ने मार गिराया है। उन्होंने कहा कि विमान अचानक 3,650 मीटर की ऊंचाई

से 1,070 मीटर तक नीचे आया और यह घटना के लेबनान के हवाई क्षेत्र के पास हुई। एक अन्य यूजर ने 3डी फ्लाइट रडार डाटा का हवाला देते हुए कहा कि असद का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है।

### एक्स पर एक अन्य यूजर ने टिप्पणी की

सीरिया के विमान के उड़ान का मार्ग बहुत अजीब था, जो असद के भागने के बाद विद्रोहियों के नियंत्रण में आए दमिश्क हवाई अड्डे से निकला था। वहीं, एक और यूजर ने लिखा, ऐसा लगता है कि असद का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया या फट गया। यह विमान कुछ ही सेकंड में 6700 मीटर की ऊंचाई खो चुका था। सोशल मीडिया पर कुछ अपुष्ट वीडियो भी साझा किए जा रहे हैं, जिनमें एक विमान को जलते हुए दिखाया गया। हालांकि यह पुष्टि नहीं की जा सकी कि विमान असद का था।

## 'शिवसेना-यूबीटी ने हिंदुत्व नहीं छोड़ा': आदित्य ठाकरे

### अखिलेश की सपा को बताया भाजपा की बी टीम

**मुंबई, 8 दिसंबर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद महाविकास अघाड़ी के घटक दलों के बीच विवाद शुरू हो गया। शिवसेना की तरफ से हिंदुत्व का मुद्दा उठाने पर समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी ने गठबंधन से अलग होने का एलान किया। इस मामले में शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे ने अबू आजमी पर पलटवार किया। उन्होंने सपा को भाजपा की बी टीम बताया। आदित्य ठाकरे ने कहा कि शिवसेना हिंदुत्व के साथ है। सपा नेता अबू आजमी पर पलटवार करते हुए आदित्य ठाकरे ने कहा, "मैं इस पर कोई बयान नहीं देना चाहता हूं। अखिलेश यादव अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन सपा महाराष्ट्र में कभी कभी भाजपा की बी टीम के तौर पर काम करती है। हमारा हिंदुत्व 'हृदय में राम और हाथ को काम' के बारे में है। हमारा हिंदुत्व सभी को एक साथ लेकर चलने के बारे में है।" महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में ईवीएम में गड़बड़ी के दावों का समर्थन करते हुए आदित्य ठाकरे ने कहा, "जनता की एक ही मांग है कि, यहां बैलेट पेपर पर मॉक पोल हो। मॉक पोल से कुछ नहीं बदलेगा, न तो सरकार बदलेगी और न ही जनादेश। लेकिन हमें सच्चाई पता होगी। यह देश 'सत्तामेव जयते' पर नहीं, 'सत्यमेव जयते' पर चलता है। यह मुख्य चुनाव आयुक्त हैं जो सत्तामेव जयते पर काम करते हैं।"

# खुदाई में मिले सन 1191 के चांदी के सिक्के

**बिजनौर, 8 दिसंबर (एजेंसी)।** कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव करौंदा चौधर में खुदाई के दौरान पौराणिक सिक्के मिले हैं। पुलिस ने सिक्कों को कब्जे में लेकर जिला प्रशासन को सूचना दी है। सिक्के पुरातत्व विभाग को भेजे जाएंगे। शुक्रवार को गांव करौंदा चौधर में मनरेगा के अंतर्गत कब्रिस्तान की दीवार बनाई जा रही थी। रोजगार सेवक के दिशा निर्देशन में काम चल रहा था। तभी एक मजदूर को खुदाई के दौरान मिट्टी की एक हांडी मिली। हांडी को खोलने पर उसमें से 15 सफेद रंग के पौराणिक सिक्के मिले। देखकर लगता है कि सिक्के चांदी के हैं। ग्राम प्रधान इकरार अंसारी को सूचना दी गई। इकरार अंसारी ने थाना कोतवाली देहात में जानकारी दी। मौके पर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पहुंचे और सिक्कों को कब्जे में ले लिया। राजेश कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन को सूचना दे दी गई है। उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार कार्य किया जाएगा। सिक्कों पर अरबी भाषा में कुछ लिखा हुआ है। एक व्यक्ति ने बताया कि सिक्कों पर सन 1191 लिखा है। जिस स्थान पर खुदाई के दौरान सिक्के मिले हैं, बताया जाता है कि लगभग 100 वर्ष पूर्व गांव यहीं पर आबाद था। माना जा रहा है कि लगभग 100 वर्ष पूर्व गांव इस स्थान से हटकर लोग दूसरे स्थान पर जा बसे। साल 2019 में धामपुर के गांव हबीबवाला में एक बाग के पास खुदाई करते हुए चांदी के सिक्के मिले थे, जो कि सन 1888, 1885 के निर्मित बताए गए थे। साल 2019 में ही आठ मई को नगीना थाना क्षेत्र के गांव मोहल्ड़ वाला निवासी एक व्यक्ति से पुलिस ने ब्रिटिश काल के 70 चांदी के सिक्के बरामद किए थे। यह उसे गन्ने की बुवाई के दौरान खेत में दबे हुए मिले थे।

## रेखा ने की बिग बी की तारीफ, बोली- सामने ऐसा शख्स हो तो अंग-अंग खुद थिरकने लगता है

**मुंबई, 8 दिसंबर (एजेंसी)।** दिग्गज अभिनेत्री रेखा ने हाल ही में फिल्म सुहाग में अमिताभ बच्चन के साथ काम करने के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बिना नाम लिए बिग बी की प्रशंसा भी की। दिग्गज अभिनेत्री रेखा ने हाल ही में बतौर स्पेशल गेस्ट द ग्रेट इंडियन कपिल शो में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने काफी मजेदार बातें और दिलचस्प किस्से साझा किए। शो से रेखा के कई विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। शो के दौरान अभिनेत्री ने अमिताभ बच्चन के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में अप्रत्यक्ष रूप से बात की। इस दौरान अभिनेत्री ने ओ शेरोंवाली गाने के बारे में बात की, जिसमें उन्होंने अमिताभ के साथ काम किया है। इस यादगार गाने में रेखा ने ,रेखा ने एक मंदिर की सेटिंग में डांडिया के पारंपरिक नृत्य का प्रदर्शन किया है। जब एक प्रशंसक ने गाने के बारे में पूछा, तो रेखा ने ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री और दिग्गज अभिनेता के साथ काम करने की खुशी को याद किया। दरअसल, एक फैन ने सुहाग के डांडिया सीक्वेंस में रेखा के प्रदर्शन की प्रशंसा की। प्रशंसक ने टिप्पणी की कि कैसे उन्होंने दक्षिण भारतीय होने के बावजूद पारंपरिक गुजराती नृत्य को शानदार तरीके से निभाया।

# तेज आंधी के साथ बारिश ने बढ़ाई ठंड

### पारा 7 डिग्री पहुंचने के साथ आज भी हल्की बारिश के आसार ▶ आंधी बारिश के बाद बिजली गुल, ठंडे हो गए रात के बाजार

**मुजफ्फरनगर, 8 दिसंबर (बु.)।** दो दिन से मौसम में आ रहे शीत के प्रकोप के बीच आज देर रात अचानक तेज हवाओं के साथ आई बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया। तेज आंधी के बाद शहर के बड़े हिस्से में बिजली गुल होने से अंधेरा छा गया। 29 अगस्त के बाद रविवार को शीत ऋतु की पहली बारिश हुई तो शहर के बाजारों में सन्नाटा छा गया। नगर में आज तापमान अधिकतम 22.2 और न्यूनतम 7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। आज की बारिश दिल्ली व नोएडा के साथ वेस्ट यूपी व उत्तराखंड के कई इलाकों में दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार बारिश के बाद ठंड का प्रकोप और बढ़ सकता है। इसके साथ ही सोमवार को भी हल्की बारिश के साथ कोहरे के आसार भी बढ़ने का अनुमान है।

नगर में अगस्त के बाद से सूखे के हालात थे। दो दिन

से ठंड का अहसास तो बढ़ा था और सर्दी जोर पकड़ने लगी। आज पारे में गिरावट के बाद दिन में धूप निकलने के बावजूद लोगों को सर्दी महसूस हुई। शाम के समय मौसम ठीक था, लेकिन देर शाम अचानक आई तेज हवाओं के साथ उड़ी धूल के तुरंत बाद तेज बौछारों ने शहर को भिगो दिया। आंधी और बारिश के चलते शहर में तमाम इलाकों में बिजली गुल होने से अंधेरा छा गया। देर तक खुलने वाले बाजारों में एकदम सन्नाटा पसर गया। लोग जल्दी अपने घरों की ओर दौड़े और उन्होंने रिजाई की शरण लेकर ठंड भगाई। जनपद में इस बार सर्दी देरी से शुरू हो रही है। आज सुबह मौसम में हल्का कोहरा नजर आया। साथ ही सर्दी का असर भी अन्य दिनों की तुलना में अधिक रहा। दिन में हालांकि खासी धूप निकली, लेकिन ठंड का प्रकोप बना हुआ था। ऐसे में शाम होते ही ठिठुरन और बढ़ गई। अब पांच बजते ही शाम का आभास होने लगता है। सात बजे पूरा अंधेरा छा जाता है। ऐसे में लोग जल्द ही घरों को लौट रहे हैं। आईएमडी के अनुसार, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और वेस्ट यूपी में 9 दिसंबर को देर रात और सुबह के समय घना कोहरा छाया रहेगा। पश्चिमी हिमालयी राज्यों में पानी को जमा देने वाली ठंड की शुरूआत हो गई है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में कई जगहों पर पारा शून्य से नीचे तक गिर गया है। ऊंची चोटियों पर झरने जम गए हैं। रेगिस्तानी राज्य राजस्थान में भी पारा पांच डिग्री तक दर्ज किया गया है। इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही यह भी बताया कि कल से उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में शीत लहर की भी शुरूआत हो जाएगी। पंजाब, हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर में सोमवार को हल्की बारिश होगी और उसके बाद शीतलहर चलेगी। मौसम विभाग ने कहा कि मध्य पाकिस्तान और उसके आसपास बने पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में यह बदलाव आया है। इसके प्रभाव से रविवार को भी दिल्ली-एनसीआर के कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भी तापमान में गिरावट के साथ ठंड का प्रकोप बढ़ेगा।

## संगम की रेती पर तीन घंटे रहेंगे प्रधानमंत्री मोदी, गंगा पूजन कर महाकुंभ की करेंगे शुरूआत

**प्रयागराज, 8 दिसंबर (एजेंसी)।** पीएम मोदी 13 दिसंबर को प्रयागराज पहुंच रहे हैं। वह महाकुंभ का शुभारंभ करने के साथ ही हजारों करोड़ की सैकड़ों परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री ने अफसरों संग बैठक में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा की। साथ ही पूरे आयोजन का खाका खींचा। इसके अनुसार प्रधानमंत्री विशेष विमान से करीब 11 बजे बमरौली एयरपोर्ट पर उतरेंगे। वहां से हेलिकॉप्टर से अरैल आएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रयागराज में करीब तीन घंटे तक रहेंगे। इस दौरान वह गंगा पूजन कर महाकुंभ की शुरूआत करेंगे। साथ ही सात हजार करोड़ रुपये से अधिक की करीब 700 परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। शनिवार को प्रयागराज आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ एवं प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की तथा जरूरी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अफसरों संग बैठक में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा की। साथ ही पूरे आयोजन का खाका खींचा। इसके अनुसार प्रधानमंत्री विशेष विमान से करीब 11 बजे बमरौली एयरपोर्ट पर उतरेंगे। वहां से हेलिकॉप्टर से अरैल आएंगे। अरैल से निषादराज क्रूज पर सवार हो किला घाट आएंगे। फिर संगम पहुंचकर गंगा पूजन करेंगे। प्रधानमंत्री इस मौके पर संतों संग वार्ता भी करेंगे। प्रधानमंत्री अक्षयवट, पातालपुरी एवं हनुमान मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे। साथ ही कॉरिडोर का लोकार्पण करेंगे। उनका भरद्वाज आश्रम जाने का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। हालांकि, इसके लिए अभी पीएमओ से स्वीकृति मिलनी बाकी है। इसके बाद प्रधानमंत्री संगम नोज पर तैयार हो रहे पंडाल में सभा को संबोधित करेंगे।

# सीरिया के तमाम शहरों पर विद्रोहियों का कब्जा

### अल-असद सरकार के गिरते ही सीरिया में ईरान के दूतावास पर हमला, सभी कर्मचारी सुरक्षित

**तेहरान, 8 दिसंबर (एजेंसी)।** सीरिया का विद्रोही समूह अल-नुशरा फ्रंट राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर चुका है और उसने बशर अल-असद की सत्ता को गिराने का दावा किया है। इस बीच, ईरान के सरकारी टेलीविजन ने रविवार को जानकारी दी कि सीरिया में उनके दूतावास पर हमला हुआ है। अल-नुशरा फ्रंट जिसे हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) भी कहा जाता है, उसने सबसे पहले देश के अलेप्पो शहर पर कब्जा किया था, जिसके बाद उसने होम्स, दारा शहरों पर नियंत्रण पाने का दावा किया। विद्रोही समूह ने अंत राजधानी दमिश्क पर कब्जा करने की घोषणा की। सरकारी टेलीविजन ने दूतावास पर हमले के फुटेज दिखाए ईरानी टीवी चैनल ने बताया कि कुछ अज्ञात हमलावरों ने ईरान के दूतावास पर हमला किया है। चैनल ने अल-अरबिया नेटवर्क से मिले वीडियो फुटेज भी जारी किए, जो दूतावास परिसर के अंदर के थे। ईरान के अखबार तेहरान टाइम्स ने जानकारी दी कि हमले से पहले दूतावास के सभी ईरानी राजनयिक वहां से सुरक्षित स्थानों पर चले गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, दूतावास के कर्मचारी पूरी तरह से सुरक्षित हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि विद्रोह समूहों के दूतावास पर हमला किया है। हालांकि, इस आरोप की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो पाई है। अल-असद सरकार और विद्रोही समूहों से बातचीत का आह्वान ईरान के अधिकारियों ने अभी तक बशर अल-असद की सरकार के पतन पर कोई टिप्पणी नहीं की है। शनिवार को विद्रोही समूहों ने अपनी सैन्य कार्रवाई जारी रखी थी। लेकिन दमिश्क पर तब तक नियंत्रण नहीं पाया था। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघजी ने सीरिया की सरकार और विद्रोही समूहों से बातचीत का आह्वान किया था।

## विद्रोही समूहों का आतंकवादी गुट मानता था ईरान

यह बयान ईरान की रणनीति में अहम मोड़ था, क्योंकि इससे पहले ईरान विद्रोही समूहों को आतंकवादी गुट मानता था और उन्हें वैध विपक्ष नहीं मानता था। अराघची ने एक दिसंबर को दमिश्क का दौरा भी किया था,